www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 102 ||अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
03 जुलाई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 05:16
सूर्यास्त: 07:04
अधिकतम: 36°00
न्यूनतम: 29°00



पेज 07
विशेष समाचार प्लास्टिक बैग से जकड़ी ... >> पेज 04
बर्थडे पार्टी में बुलाकर युवक... >> पेज 06
अश्नूर कौर के लग्जरी घर में ...

## राम मंदिर चोरी के खिलाफ आंदोलन

# वकीलों का चंपत राय के खिलाफ प्रदर्शन

**विरोध**

**एसआईटी ने गोपाल राव को बाहर बैठाया, चढ़ावा चोरी के दो आरोपियों के घर बुलडोजर एक्शन की तैयारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों को लेकर फैजाबाद बार एसोसिएशन के वकीलों ने गुरुवार (2 जुलाई 2026) को अयोध्या में एक बड़ा विरोध मार्च निकाला। वकीलों ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा और निर्माण कार्य से जुड़े गोपाल राव के खिलाफ एफआईआर (FIR) दर्ज करने की मांग को लेकर पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है। हालांकि पुलिस ने वकीलों के मार्च की कोशिश को रोकना चाहा, लेकिन रोक नहीं पाई। चंपत राय के खिलाफ अयोध्या में यह पहला प्रदर्शन था। वकील इससे पहले चंपत राय को अयोध्या छोड़ने का अल्टीमेटम दे चुके हैं। अयोध्या में इस मुद्दे पर आंदोलन का माहौल बनता जा रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



## 500 से ज्यादा वकील सड़क पर उतरे

गुरुवार सुबह 11.45 बजे अयोध्या में 500 से ज्यादा वकील सड़क पर उतर आए। चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव पर FIR की मांग कर नारेबाजी की। सिविल लाइन चौकी जाकर उन तीनों समेत 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दी। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। यूपी सरकार ने 13 जून को SIT बनाई। 25 जून को FIR हुई। रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी दिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया।

## राममंदिर ट्रस्टी अनिल मिश्रा से बंद कमरे में पूछताछ



### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बोले- जो चोर वही जांचकर्ता, निर्णय कैसे होगा

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, अयोध्या में पहले से ही शंकराचार्यों का ट्रस्ट था, जिसने कोर्ट और सरकार को लिख कर दिया कि हमारे पास अनुभव है, हम मंदिर बनाएंगे। लेकिन अपने खास कार्यकर्ताओं को सेट करके सरकार ने यह राम मन्दिर ट्रस्ट बनाया। क्योंकि वो कुछ ऐसा करना चाहते थे, जिसकी भनक किसी को ना लगे जो चोर है वही जांचकर्ता बनेगा तो कैसे निर्णय होगा?




### एसआईटी 5 सालों के खातों की जांच करना चाहती, हमें कोई आपत्ति नहीं

विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने राम मंदिर चंदे में कथित हेराफेरी के मामले पर कहा, SIT 5 सालों के खातों की जांच करना चाहती है। सत्य को प्राप्त करने के लिए जो कुछ भी जांचना जरूरी हो SIT को जांचना चाहिए। हमें कोई आपत्ति नहीं है। पुलिस और SIT की जांच में वे जो भी उचित समझते हैं उसकी जांच करें, हम उसका स्वागत करेंगे।



### ट्रस्टी दिनेंद्र दास बोले- पूरी गलती गोपाल राव की

चढ़ावा चोरी मामले में अब ट्रस्ट के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। पहली बार राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा- पूरी गलती गोपाल राव की है। वे राजनीति कर रहे हैं।



### 'एसआईटी जांच खारिज किया'

अयोध्या राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुआ था, जिसमें सरकारी जमीन का उपयोग किया गया और भारत सरकार द्वारा एक सार्वजनिक ट्रस्ट का गठन किया गया। इसलिए मंदिर के प्रशासन में जो कुछ भी होता है, उसकी पूरी जिम्मेदारी पूरी तरह से केंद्र सरकार की है। विभिन्न हलकों से चोरी को लेकर मिल रही कई चेतावनियों को बार-बार नजरअंदाज किया गया और शीर्ष पदों पर बैठे लोगों ने जानबूझकर आंखें मूंद लीं, जिससे करोड़ों रुपयों की लूट हुई। एसआईटी की जांच को खारिज करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा:₹अब तक हमने जो भी एसआईटी की कार्रवाई देखी है, वह महज एक दिखावा और आंखों में धूल झोंकने जैसा है, जिसे स्पष्ट रूप से इस घोटाले के 'मगरमच्छों' (बड़े चेहरों) को बचाने के लिए तैयार किया गया है।




"अयोध्या
राम मंदिर चढ़ावा चोरी
मामले में प्रतापगढ़ की महेशगंज पुलिस गुरुवार शाम करीब 6 बजे आरोपी अविनाश शुक्ला के घर पहुंची। करीब एक घंटे तक उसके माता-पिता से पूछताछ की। यह कार्रवाई महेशगंज थाना क्षेत्र के बाबूपुर नरियावां गांव में की गई। अविनाश फिलहाल जेल में बंद है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने अविनाश के भाई द्वारा नोटों की गड्डियों के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो के बारे में भी जानकारी जुटाई। रमाशंकर राजभर ने दान की गई वस्तुओं के गायब होने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कोई 40 किलो चांदी, कोई मर्यादा पुरुषोत्तम राम को मुकुट देने की बात कह रहा है, लेकिन वह मुकुट कहां है? मौजूदा सरकार में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण के दोषियों को सजा मिलती नहीं दिख रही है। 2027 में सपा सरकार बनने पर सभी दोषियों को जेल भेजा जाएगा। मंदिर की पूरी धनराशि ट्रस्ट को वापस दिलाई जाएगी।"

## इंडियन नेवी ने समुद्री लुटेरों का हमला किया नाकाम

### नौसेना के पहुंचते ही समुद्री लुटेरे मौके से फरार

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय नौसेना के युद्धपोत INS त्रिकंड ने बुधवार रात अदन की खाड़ी में एक व्यापारी जहाज पर समुद्री लुटेरों के हमले की कोशिश नाकाम कर दी। जहाज MV Golden Arsenal पर एक भारतीय चालक दल का सदस्य भी मौजूद था और यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कार्गो लेकर आ रहा था।

नौसेना के पहुंचते ही समुद्री लुटेरे मौके से फरार हो गए। इसके बाद मार्कोस कमांडो ने जहाज पर चढ़कर उसे पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया।

समुद्री लुटेरों ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने संचार माध्यम के जरिए अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही मिशन पर तैनात INS त्रिकंड मौके पर पहुंचा। युद्धपोत को आते देख लुटेरे भाग निकले। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही समुद्री डाकुओं ने जहाज पर कब्जा करने की कोशिश की, क्रू मेंबर्स ने खुद को एक सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया।



- अदन की खाड़ी में आईएनएस त्रिकंड के मार्कोस कमांडों को देखते ही भाग निकले लुटेरे

>> (शेष पेज 06 पर)

## हिरासत में मौत के मामले में 9 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

### 15 साल पुराने मामले में महाराष्ट्र की कोर्ट ने सुनाई सजा

**सजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के वाशिम जिले की एक अदालत ने 2011 के हिरासत में मौत के मामले में नौ पुलिसकर्मियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जे. पी. झापटे ने तत्कालीन रिसोड पुलिस थाने के प्रभारी माधव धांडे समेत 9 पुलिस-कर्मियों को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया। यह मामला भेग्या पवार नाम के एक युवक की मौत से जुड़ा है। पवार को चोरी से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए रिसोड पुलिस ने हिरासत में लिया था। हिरासत में ही उसकी मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने हिरासत में उनके साथ यातनाएं दी थीं। इसके बाद मामले की जांच राज्य की अपराध जांच विभाग को सौंप दी गई थी।



- जांच एजेंसी ने 34 दिनों में की जांच पूरी
- मृतक का नहीं था कोई आपराधकि रकॉर्ड

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था जम्मू से रवाना

देहरादून/श्रीनगर। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुरुवार सुबह 4 बजे अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को रवाना किया। श्रद्धालु 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए।

**खुलासा बदसलूकी**

### बेंगलुरु डे-केयर में 3 साल की बच्ची से बेरहमी

बेंगलुरु । बेंगलुरु में आईटी कंपनी कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस स्थित एक डे-केयर सेंटर में 2-3 साल के बच्चों के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। 29 जून को घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

वीडियो में टॉयलेट में बंद बच्चा फर्श पर रोता दिखाई दे रहा है, जबकि एक महिला उसका वीडियो बना रही है। दूसरे वीडियो में बच्चे को टॉयलेट सीट पर बैठाकर उसके चेहरे पर जेट स्प्रे से पानी डाला जा रहा है। एक अन्य वीडियो में बच्चे को फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन के ड्रम में बैठाकर डराया जा रहा है।

### एक ही दिन में 6 लोग गड्ढों में गिरे

जूनागढ़ (गुजरात)। गुजरात में मानसून ने एंट्री कर ली है और जोरदार बारिश से अब हादसे भी सामने आने लगे हैं। वहीं, जूनागढ़ शहर में बुधवार को एक ही दिन में एक बच्ची समेत 6 लोग सड़कों पर बने गड्ढों में गिरने से घायल हो गए। शहर के आजाद चौक इलाके में बाइक सवार दंपति गड्ढे में गिर गए। युवक के सिर में गंभीर चोट आई।

## सूचना निदेशक ने पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ उठाया महत्वपूर्ण कदम

### आयुष्मान कार्ड प्राप्त करना अब हुआ और आसान

**सुविधा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह इमदम-पिबपंतल.दीं.हवअ.पद पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है ।



- पत्रकार बन्धुओं की सुविधा के लिए जल्द ही नया पोर्टल होगा शुरू

>> (शेष पेज 06 पर)

### टीएमसी के बागी गुट का दावा- पार्टी का सिंबल हमारा

नई दिल्ली/कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के बागी गुट का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला। विधायकों ने पार्टी में हुए संगठनात्मक बदलावों और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी (NWC) को मान्यता देने की मांग की।

मुलाकात के बाद बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा- हम ही असली TMC हैं, चुनाव आयोग ने हमारी बात सुनी। उम्मीद है वे जल्द फैसला लेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में ही 22 जून को कोलकाता में प्रतिनिधि बैठक हुई थी। इसमें नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था। 29 दिन पहले 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया था।

## सुप्रीम कोर्ट बोला इससे न्याय व्यवस्था को नुकसान, एनसीएलटी का फैसला रद्द


# 'फैसलों में एआई के फर्जी उदाहरण खतरनाक'

**खतरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से बनाए गए नकली कानूनी उदाहरणों का इस्तेमाल खतरनाक है। कोर्ट ने इसकी गंभीरता समझाने के लिए कहा कि यह खतरा उतना ही बड़ा है, जितना भोपाल गैस त्रासदी में जहरीली (AI) गैस का रिसाव था।

>> (शेष पेज 06 पर)



"अदालत एआई तकनीक के खिलाफ नहीं है। समस्या एआई में नहीं, बल्कि उससे बनाई गई झूठी जानकारी को सच बताकर पेश करने में है। इसलिए एआई का इस्तेमाल सावधानी, जांच और इंसानी निगरानी के साथ ही किया जाना चाहिए। -सुप्रीम कोर्ट

यह मामला एस्सेल इन्फ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड, जम्मू-कश्मीर बैंक लिमिटेड और पूजा रमेश सिंह से जुड़े दिवालिया-पन विवाद का है। इस मामले में NCLT मुंबई ने IBC की धारा-7 के तहत एक याचिका स्वीकार की थी, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। NCLT ने अपने फैसले को सही साबित करने के लिए जिन कानूनी मामलों का हवाला दिया था, उनमें से कई मामले असल में थे ही नहीं। फैसले में कुछ ऐसे मामलों का नाम लिखा गया था, जो पूरी तरह से मनगढ़ंत यानी नकली थे। उनकी कानूनी साइटेशन भी बनाई गई थीं और उनका कोई वास्तविक रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। जम्मू-कश्मीर बैंक लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट में शपथपत्र देकर कहा कि उनके वकील ने इन नकली मामलों का हवाला नहीं दिया था। बैंक के अनुसार, NCLT ने इन्हें अपनी तरफ से की गई रिसर्च के दौरान शामिल किया था।

**तंज: अखिलेश बोले- सपा न कभी टूटी है, न टूटेगी, भाजपा को न चढ़ावा मिलेगा, न वोट**

# 'चुनाव सितंबर में करा दें, हम तैयार'

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा विवाद को लेकर सरकार और ट्रस्ट की भूमिका पर सवाल उठाए। कहा- राम मंदिर पर जबरन कब्जा किया गया। मंदिर में आने वाले चढ़ावे का हिसाब नहीं दिया गया। शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

>> (शेष पेज 06 पर)

- अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में आए तो सिख समाज को सरकार और संगठन में सही जगह दी जाएगी।

अगर सरकार 2027 का विधानसभा चुनाव तय समय से पहले कराना चाहती है, तो समाजवादी पार्टी इसके लिए पूरी तरह तैयार है। जो लोग नवंबर में चुनाव कराना चाहते थे, वे सितंबर में ही करा दें, हम तैयार हैं।- अखिलेश



### थाना-पुलिस सरकार के इशारे पर काम कर रही

अखिलेश ने सिद्धार्थनगर में संदीप यादव की हत्या और कौशांबी की एक घटना का जिक्र किया। कहा कि प्रदेश में पुलिस निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रही। कई मामलों में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा। थाना-पुलिस पर राजनीतिक दबाव है। यूपी में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। कई मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती और वास्तविक आंकड़े सामने नहीं लाए जाते। लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए अखिलेश ने कहा कि अयोध्या में किसानों और व्यापारियों की नाराजगी भाजपा की हार का बड़ा कारण बनी।

### चढ़ावे का हिसाब जनता को मिलना चाहिए

अखिलेश यादव ने कहा- भगवान राम के नाम पर मिलने वाले चढ़ावे में गड़बड़ी के आरोप बेहद गंभीर हैं। श्रद्धालुओं के दान का पूरा हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए। अगर आस्था से जुड़े मामलों में भी पारदर्शिता नहीं होगी, तो लोगों का भरोसा टूटेगा। इस मुद्दे का असर चुनाव में भी दिखाई देगा। इस बार भाजपा को न चंदा मिलेगा, न चढ़ावा और न वोट।

## पत्थर खदान में चट्टान गिरी

### 7 की मौत हादसे के समय 17 लोग काम कर रहे थे, दिहाड़ी मजदूर थे सभी मृतक

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुरु । कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान ढहने से 7 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। शुरुआत में पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी थी कि सभी मृतक बिहार के रहने वाले हैं। लेकिन, बाद में स्पष्ट किया गया कि 5 मजदूर मध्य प्रदेश, एक छत्तीसगढ़ और एक कर्नाटक के यादगीर का रहने वाला था।



>> (शेष पेज 06 पर)



हिन्दी दैनिक तमसा संकेत
www.tamsasanket.com
tamsasanketnews24@gmail.com


## सोनभद्र में मां-बेटी बही, यूपी के 30 जिलों में आंधी-तेज बारिश, पूरे प्रदेश में छाया मानसून

# मुजफ्फरनगर में सात फीट सड़क धंसी

अलर्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**




लखनऊ/वाराणसी। पूरे यूपी में मानसून सक्रिय हो गया है। इसके असर से बुधवार रात से लखनऊ, कानपुर, बाराबंकी, बलिया समेत 30 शहरों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। वाराणसी में गुरुवार दोपहर को आंधी के साथ तेज बारिश हुई। इससे पहले, सुबह लखनऊ में रिमझिम बारिश शुरू हुई।

मुजफ्फरनगर में इतनी बारिश हुई कि बीच बाजार सड़क धंस गई। बुधवार को 3 फीट गहरा और 7 फीट चौड़ा गड्ढा बन गया। सोनभद्र में नाले के तेज बहाव में मां-बेटी बह गईं। महिला अपनी 8 महीने की बच्ची को गोद में लेकर जा रही थी। बलिया-फतेहपुर में बिजली गिरने से एक-एक शख्स की मौत हो गई।

आज सभी 75 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। सरकार ने लोगों से अलर्ट रहने को कहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 से 48 घंटे पूरे यूपी में तेज बारिश का सिलसिला शुरू होने का अनुमान है। जौनपुर में गुरुवार सुबह 10.30 बजे हल्की बारिश से मौसम सुहावना हो गया। गर्मी से लोगों को काफी राहत हुई। मुजफ्फरनगर के मीनाक्षी चौक पर सड़क का बड़ा हिस्सा पहली बारिश में धंस गया। तीन फीट गहरा और सात फीट चौड़ा गड्ढा का सड़क पर हो गया।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-मानसून आने के बाद फिलहाल लगातार बारिश की संभावना बनी रहेगी। तापमान में 8 डिग्री तक गिरावट देखने को मिली है। आने वाले 4 से 5 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। आंधी-तूफान और बारिश के आसार बने रहेंगे।

### बदायूं में जोरदार बारिश, सड़कों पर भरा पानी

बदायूं में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी तेज बारिश हुई। दोपहर करीब 2 बजे से बारिश शुरू हुई ।लगातार बारिश से शहर की कई मुख्य सड़कों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में पानी भर गया। जलभराव वाले इलाकों में एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे कई मोहल्लों में कुछ समय के लिए बिजली नहीं रही। वाराणसी में दोपहर को तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 30 मिनट तक बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि आज पूरे दिन बारिश के आसार हैं।



सोनभद्र में भारी बारिश की वजह से नाला उफना गया। महिला अपनी 8 महीने की बच्ची के साथ बह गई। बच्ची का शव बरामद कर लिया गया है।

### बहराइच-बिजनौर में सबसे ज्यादा बारिश, सड़कों पर भरा पानी

इससे पहले, बुधवार को वाराणसी, प्रयागराज समेत 25 शहरों में बारिश हुई। आजमगढ़-बिजनौर में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। ललितपुर रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल और जीआरपी थाने में पानी घुस गया। बहराइच में सबसे ज्यादा 113 मिमी, बिजनौर में 95 मिमी बारिश हुई। ललितपुर में 93 मिमी, बुलंदशहर में 72 मिमी और संभल-हमीरपुर में 65-65 मिमी बारिश हुई।

## वाराणसी में दशमी मैदान से हटाया अतिक्रमण

### नगर निगम ने गुमटी-टिनशेड हटाए

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी। वाराणसी में नगर निगम के प्रवर्तन दल ने गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे खोजवा स्थित दशमी मैदान (रामलीला मैदान) में सालों से किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। नगर निगम की टीम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची और गुमटी, टिनशेड व अस्थायी दुकानों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने विरोध जताया। दुकानदारों ने कहा-वे सालों से रामलीला समिति को तय राशि का भुगतान कर दुकान चला रहे थे। उनका आरोप है कि नगर निगम ने केवल अस्थायी दुकानदारों पर कार्रवाई की, जबकि आसपास के स्थायी निर्माणों को नहीं हटाया गया।

दुकानदार मनोज कुमार यादव ने बताया कि उन्हें यहां से हटाया जा रहा है, जबकि वे नियमित रूप से भुगतान करते रहे हैं। उनके मुताबिक, रामलीला समिति के साथ हर महीने 2 हजार रुपए देने की सहमति थी और वह तय राशि जमा करते थे। इसके बावजूद अब उन्हें दुकान हटाने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने कुछ दुकानदारों को पहले नोटिस भी जारी किए थे। अपने दावे के समर्थन में उन्होंने रामलीला समिति को किए गए भुगतान की रसीद भी दिखाई।

दुकानदार बच्चे लाल ने कहा कि उनका परिवार करीब 70 वर्षों से इसी स्थान पर दुकान लगाकर आजीविका चला रहा है।

फास्ट न्यूज

### प्रयागराज में लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

प्रयागराज । प्रयागराज के करेली इलाके में 44 हजार रुपये लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया। करेली पुलिस और एसओजी ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लूट के 13,700 रुपये, मोबाइल और लूट में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। वारदात को किसी और ने नहीं बल्कि वादी के चचेरे भाई ने ही अंजाम दी थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### डॉग स्क्वायड के जांबाज उत्तलम का निधन

गोरखपुर। गोरखपुर पुलिस विभाग के डॉग स्क्वायड का जांबाज श्वान 'उत्तलम' अब नहीं रहा। 14 वर्षों तक अपनी सूंघने की अद्भुत क्षमता और सतर्कता के बल पर कई महत्वपूर्ण अभियानों को सफल बनाने वाले उत्तलम के निधन पर गुरुवार को पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उत्तलम साल 2012 में मध्य प्रदेश से ट्रेनिंग प्राप्त कर डॉग स्क्वायड में शामिल हुआ था।

पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में एसएसपी डॉ. कौस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटील समेत अन्य पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उसे सलामी देकर अंतिम विदाई दी।

### गाजियाबाद के 2 होटल में गेस्ट से मारपीट-तोड़फोड़

मोदीनगर। गाजियाबाद में बुधवार की रात 10 बजे दो होटल में घुसकर तोड़फोड़ की गई। वहां ठहरे गेस्ट को बंधक बनाकर बनाकर पीटा गया। होटल संचालकों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर रंगदारी मांगने से इंकार पर पिटाई का आरोप लगाया है। यह मामला मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित दो होटल का है।

# सीएम के हाथों लोकार्पण के लिए तैयार भटहट-बांसस्थान फोरलेन

### इसी रूट पर है प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय, 690 करोड़ की लागत से बना

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में गोरखपुर को एक और सौगात मिलने जा रही है। यहां एक और फोरलेन (भटहट-बांसस्थान) सड़क लोकार्पण के लिए तैयार है। राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय मार्ग पर इस फोरलेन सड़क का निर्माण कराया गया है।

जिला प्रशासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इसे जनता को समर्पित करने की तैयारी कर रहा है। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे इस फोरलेन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए। कार्यदायी संस्था ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा है, वर्तमान में पेंटिंग का काम तेजी से चल रहा है। आयुष




विश्वविद्यालय तक पहुंचने की राह अब बेहद सुगम हो, इसके लिए भटहट से बांसस्थान तक 11.60 किमी की लंबाई में फोरलेन सड़क का निर्माण कराया गया है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड खंड तीन के अनुसार 689.35 करोड़ रुपये की इस फोरलेन सड़क परियोजना पर कार्य 24 मार्च 2023 को शुरू हुआ था। अब यह सड़क बनकर तैयार है, पेंटिंग का ही काम शेष है जिसे शीघ्रता से कराया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे यह मार्ग एक मॉडल रोड के रूप में स्थापित हो सके।

> भटहट से बांसस्थान तक करीब 12 किमी लंबाई वाले इस फोरलेन सड़क के निर्माण पर 689.35 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसी मार्ग पर प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे आयुष विश्वविद्यालय तक जाने को स्थानीय लोगों और दूरदराज से आने वाले मरीजों के लिए फोरलेन की कनेक्टिविटी योगी सरकार की तरफ से नई सौगात होगी।

### जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने तेवराइपुरवा पहुंचकर किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

# बाढ़ से पहले अलर्ट

**तमसा संकेत, संवाददाता**





सूरतगंज (बाराबंकी)। मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत तेवराइपुरवा गांव पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने नदी किनारे के तटबंधों, कटान संभावित स्थलों तथा जल निकासी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ सुरक्षा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की सभी तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं। नावों, राहत सामग्री, दवाइयों, पशुओं के चारे तथा सुरक्षित आश्रय स्थलों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी मंत्री के समक्ष क्षेत्र की समस्याएं रखीं। मंत्री ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, राममूर्ति , अरविंद कुमार बारी, सुनील कुमार वर्मा, अर्पित वर्मा, सहित तहसील प्रशासन, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

> जल मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि तटबंधों की लगातार निगरानी की जाए और जहां भी कटान या रिसाव की आशंका हो, वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखने तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# यूपी टीईटी : खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर

### महिलाओं की चूड़ी, पायल तक उतरवाईं, 3 दिन में 20 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/ प्रयागराज/ कानपुर/ वाराणसी । यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का गुरुवार को पहला दिन था। दोनों शिफ्ट की परीक्षा खत्म हो गई। इससे पहले सेंटर्स में एंट्री से पहले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की गई। बायोमेट्रिक मिलान और रेटिना स्कैन किया गया। गोरखपुर में महिला अभ्यर्थियों की चूड़ी, पायल, हेयरपिन, सोने की चेन उतरवा दी गई। इसके बाद उन्हें एंट्री दी गई। पुरुष अभ्यर्थियों के गमछे, टोपी और बेल्ट बाहर रखवा लिए गए। शर्ट के फोल्ड हैंड को खुलवाकर ही अंदर जाने दिया गया। हाथरस में लड़कियों के बाल के जूड़े तक खुलवा दिए गए।

हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर 10 अभ्यर्थियों को देर से पहुंचने पर एंट्री नहीं मिली। इस पर एक महिला अभ्यर्थी रोने लगी। बोली- ट्रैफिक जाम में फंसने से 2 मिनट लेट हो गई। प्रयागराज में जूते-मोजे उतरवाकर चेकिंग हुई। देवरिया में 330 पुलिसकर्मियों ने भी परीक्षा दी।

परीक्षा 3 और 4 जुलाई को भी होगी। प्रदेश के 60 जिलों में 955 सेंटर्स बनाए गए हैं। कुल 19.94 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें 17,67,180 परीक्षार्थी यूपी के मूल निवासी हैं। 2,27,481 अभ्यर्थी दूसरे राज्यों से एग्जाम देने पहुचेंगे। इनमें 1,85,791 सेवारत शिक्षक भी इसमें शामिल हैं। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 की दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगी और शाम 5:00 बजे तक चलेगी।। इसके लिए दोपहर एक बजे से ही परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा केंद्र में होने लगा था।




हाथरस में एक महिला अभ्यर्थी की 2 मिनट लेट होने से एंट्री नहीं दी गई। इसके बाद वह रोने लगी।

### हाथरस में परीक्षा छूटी, तो रोने लगी अभ्यर्थी

हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर 10 अभ्यर्थियों को देरी से पहुंचने पर एंट्री नहीं मिली। नोएडा से आई एक अभ्यर्थी डॉली ने बताया कि वह नोएडा से परीक्षा देने के लिए आई थी। ट्रैफिक काफी ज्यादा था, इसलिए जाम में फंस गई थी। केवल 2 मिनट की देरी के चक्कर में मुझे परीक्षा केंद्र के अंदर एंट्री नहीं मिली। कुछ अन्य अभ्यर्थियों का भी यही कहना था कि 2 मिनट की देरी के चलते उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिल रहा। अभ्यर्थी पुलिसकर्मियों के सामने मनुहार लगाते और बहस करते दिखाई दीं। एक अभ्यर्थी तो रोने लगी।

> आयोग ने परीक्षा को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर हैं। प्रश्नपत्र के बॉक्स कलर-कोडेड किए गए हैं। उनमें वन-टाइम डिजिटल लॉक लगाए गए हैं।



गोरखपुर में परीक्षा देने पहुंची महिला अभ्यर्थी के बाले, चेन तक बाहर उतरवा दिए गए।

## डीडीयू स्पोर्ट्स काउंसिल के नए अध्यक्ष बने प्रो. आमोद

### देवधर ट्रॉफी के लिए क्रिकेट की खास ट्रेनिंग ले चुके

**तमसा संकेत, एजेंसी**



गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की खेलकूद व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव हुआ है। इंग्लिश डिपार्टमेंट के प्रोफेसर आमोद कुमार राय को स्पोर्ट्स काउंसिल का नया अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने तीन साल से इस जिम्मेदारी को संभाल रहे प्रो. विमलेश मिश्र की जगह ली है।

गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे कुलसचिव की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, प्रो. आमोद कुमार राय को अगले आदेश तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले वे बुद्ध पीजी कॉलेज में भी स्पोर्ट्स काउंसिल के हेड रह चुके हैं।

प्रो. आमोद कुमार राय का खेल से पुराना और गहरा नाता रहा है। छात्र जीवन से ही खेलों में बेहद रुचि रखने वाले प्रो. राय ने जगमोहन डालमिया की अध्यक्षता के दौरान बंगाल में देवधर ट्रॉफी के लिए क्रिकेट की खास ट्रेनिंग ली थी। इसके अलावा कॉलेज के दिनों में वे लगातार तीन साल तक 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' रहे हैं। शॉटपुट (गोला फेंक) खेल में भी उनका शानदार रिकॉर्ड रहा है। अपनी इस नई जिम्मेदारी पर उन्होंने कुलपति प्रो. पूनम टंडन का आभार जताते हुए कहा कि युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और यूनिवर्सिटी को स्पोर्ट्स के नक्शे पर आगे ले जाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उनकी इस नियुक्ति पर यूनिवर्सिटी के कई सीनियर प्रोफेसर्स ने खुशी जताई और उन्हें शुभकामनाएं दी।

**धमकी : कहा- काली कमाई के 15 लाख मेरे खाते में डाले, उसके भूमाफिया से कनेक्शन**

# यूपी में मां ने पीसीएस अफसर बेटी पर एफआईआर कराई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर । सहारनपुर में महिला PCS अफसर के खिलाफ उनकी मां ने FIR कराई है। 30 जून शाम 5 बजे मां मुनेश रानी की तहरीर पर सरसावा थाने में बेटी समेत 5 के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एलाइड PCS अफसर सीमा चौधरी (34) फिलहाल हापुड़ में जिला पूर्ति अधिकारी (DSO) के पद पर तैनात हैं।

DSO की मां का आरोप है कि बेटी सीमा, देवर संजीव कुमार चौधरी, देवरानी के पिता राजेंद्र राणा, गंभीर और नरेश कुमार ने मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा करने की साजिश रची। बेटी ने अपनी 'काली कमाई' छिपाने के लिए बिना अनुमति मेरा बैंक अकाउंट खुलवाया। खाते में 15 लाख रुपए डलवाए। पता चलने पर विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जब DSO से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा। उनकी मां भी अपने घर पर नहीं मिलीं।



सीमा चौधरी वर्तमान में हापुड़ जिले में DSO के पद पर तैनात हैं।

> डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया मेरे पास एप्लीकेशन आई थी, इसके बाद मैंने उसे एसएसपी को फारवर्ड किया था। जांच के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है।

### राशन आवंटन में अनियमितता का आरोप लग चुका

सीमा चौधरी पहले भी विवादों में रह चुकी हैं। 2020 से 2022 के बीच गाजियाबाद में जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) के रूप में तैनाती के दौरान स्थानीय राशन डीलरों ने उन पर राशन आवंटन में अनियमितता और तानाशाही रवैये के आरोप लगाए थे। स्थानीय स्तर पर शिकायतें भी दर्ज कराई गई थीं।

> सीमा चौधरी 5 भाई बहन हैं। बड़ी बेटी सोनिया की शादी हो चुकी है। दूसरे नंबर पर सीमा, तीसरे नंबर पर शालू हैं। शालू की भी शादी हो चुकी है। छोटी बहन पूजा है, जो दिल्ली में मां मुनेश के साथ रहती है। छोटा भाई अनिकेत इंग्लैंड में पढ़ाई कर रहा है।

### देवर बोले- जमीन बेचने का विरोध किया, इसलिए फंसा रहीं

मुनेश के देवर संजीव गाजियाबाद में कारोबारी हैं। उन्होंने बताया- पूरी लड़ाई 10 बीघा जमीन को लेकर है। मैंने भाभी मुनेश के सभी बच्चों को पढ़ाया। शादी करवाई। अनिकेत को इंग्लैंड भेजा। तब मुनेश ने 15 लाख रुपए मांगे थे। मैंने 10 लाख रुपए अपने ससुर राजेंद्र राणा से लिए और 5 लाख अपनी तरफ से मिलाकर उन्हें दिए। फिर उन्होंने जमीन किसी फौजी को बेच दी। जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने केस दर्ज कराया है।

# तिहरे हत्याकांड पीड़ित परिवार ने सीएम योगी से की मुलाकात

### बुलडोजर एक्शन और सुरक्षा की मांग, मंत्री नंदी भी रहे मौजूद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज के मेजा में हुए तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार ने बुधवार को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री नंदी ने मुख्यमंत्री को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बुलडोजर कार्रवाई की मांग उठाई।

पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से आरोपियों से सुरक्षा का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने परिवार को न्याय दिलाने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने 19 जून को मेजा के नीबी कुकुर-



कटवा गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। उस दौरान उन्होंने परिजनों को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया था। बुधवार को उन्होंने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलवाया। मुलाकात में राम निरंजन गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, पवन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, विशेष गुप्ता, राधा गुप्ता, लोकपति गुप्ता और चंद्रिका प्रसाद साहू मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने 19 जून को मेजा के नीबी कुकुरकटवा गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी।

### 15 जून की रात हुई थी तीन लोगों की हत्या

परिजनों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में 15 जून की रात श्याम लाल गुप्ता (65), इंद्रावती देवी (58) और अमरावती देवी (52) की हत्या कर दी गई थी। तीनों के शव घर के बाहर मिले थे। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी हिमांशु यादव समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद हिमांशु का इलाज कराया गया था।

# यूपीटीईटी पर प्रशासन का 'फुल अलर्ट' मोड

## डीएम-एसपी ने खुद संभाली कमान, परीक्षा से पहले केंद्रों का औचक निरीक्षण

**समीक्षा**

**बृजेंद्र वीर सिंह**





तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। UPTET-2026 को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। गुरुवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने अकबरपुर क्षेत्र के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाए। अभ्यर्थियों की आवाजाही, भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए, जिससे परीक्षा का वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण बना रहे।

> **जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया व्यवस्थित हो, ताकि परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें।**

साथ ही निर्देश दिए गए कि परीक्षा संचालन के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए और किसी भी तरह की अनियमितता की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

जिला प्रशासन ने साफ किया कि UPTET-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस विभाग के बीच समन्वय बनाकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा संचालन की लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न हो सके।

### तीन प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर पहुंचीं डीएम और एसपी

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने थाना अकबरपुर क्षेत्र स्थित रामाबाई, राजकीय पीजी कॉलेज और बीएन इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, पुलिस बल की तैनाती और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि परीक्षा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं का दोबारा सत्यापन कर लिया जाए, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने।

# खाद की पर्याप्त उपलब्धता डीएम ईशा प्रिया ने की समीक्षा

## सभी खुदरा विक्रेताओं को नियमित आपूर्ति के निर्देश

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने उर्वरकों की समीक्षा बैठक की। बैठक में थोक उर्वरक विक्रेताओं और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को यूरिया, डीएपी और एनपीके की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जिले में वर्तमान समय में 913 केंद्रों पर यूरिया, 262 केंद्रों पर डीएपी, 269 केंद्रों पर एनपीके और 838 केंद्रों पर एसएसपी उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में यूरिया और फॉस्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जुलाई माह तक जिले में उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित लक्ष्य से अधिक रही। आंकड़ों के अनुसार यूरिया के 25,115 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 29,310 मीट्रिक टन, डीएपी के 4,914 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 6,037 मीट्रिक टन, एनपीके के 1,146 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 3,770 मीट्रिक टन तथा एसएसपी के 10,325 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 17,409 मीट्रिक टन की उपलब्धता दर्ज की गई।

### खाद संबंधी शिकायत के लिए जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर

जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि उर्वरकों से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, अंबेडकरनगर में उर्वरक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए 9455485475 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। किसान खाद की उपलब्धता, वितरण या अन्य किसी समस्या की शिकायत इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित मामले का समाधान कराने की कार्रवाई की जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### शादी समारोह में बाइक विवाद बना बवाल की वजह

अम्बेडकरनगर। आलापुर थाना क्षेत्र के महमदपुर देवी दयाल गांव में बाइक की अदला-बदली को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि विवाद के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट हुई और एक वैवाहिक समारोह के दौरान हवाई फायरिंग की गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।
पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हरियाली की ओर बढ़ा अंबेडकरनगर

अम्बेडकरनगर। वन महोत्सव के अवसर पर जिले में हरियाली बढ़ाने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया गया। बसखारी रेंज में आयोजित 'आम बहार' कार्यक्रम के तहत बुधवार को एक हजार पौधों का रोपण किया गया। अभियान में ग्राम प्रधानों, महिलाओं, युवाओं, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) जगदंबिका प्रसाद के नेतृत्व में बसखारी रेंज के तनवा जलाल समेत करीब 50 गांवों में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के 500 से अधिक पौधे भी अलग-अलग स्थानों पर रोपे गए।

### पौधरोपण के साथ मना अखिलेश यादव का जन्मदिन

अम्बेडकरनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौराब-संतपुर गोपालपुर स्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व सांसद शंखलाल माझी के आवास एवं कार्यालय पर जन्मदिन को 'पर्यावरण दिवस' के रूप में मनाया गया।

# दहीरपुर वृद्धाश्रम पहुंचीं एसपी प्राची सिंह

## फल, मिठाई और जरूरत का सामान किया वितरित

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने गुरुवार को दहीरपुर स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। कुछ समय उनके बीच बिताया और उनकी जरूरतों की जानकारी भी ली। दौरे के दौरान बुजुर्गों के लिए स्नेहपूर्ण भोजन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी के साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने अपने हाथों से बुजुर्गों को भोजन परोसा और फल व मिठाई भी वितरित की। वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए पुलिस अधीक्षक ने कई उपयोगी वस्तुएं भी उपलब्ध कराईं। इनमें कुर्सियां, कूलर, पंखे और सामान रखने के लिए बक्से शामिल हैं। इन वस्तुओं को आश्रम प्रशासन को सौंपा गया, ताकि बुजुर्गों को दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अंबेडकरनगर पुलिस परिवार आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने बुजुर्गों के साथ संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनकी बातों को गंभीरता से सुना।

# अब सड़क पर लापरवाही नहीं चलेगी 15 दिन चलेगा 'जीरो एक्सीडेंट डे' अभियान

## 7 से 21 जुलाई तक 'नारी शक्ति द्वारा सुरक्षित अम्बेडकरनगर' थीम पर चलेगा अभियान

**नियम तोड़ने वालों को चालान के साथ दिखाई जाएगी सड़क सुरक्षा की वीडियो**

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अम्बेडकरनगर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों में सुरक्षित यातायात की आदत विकसित करने के लिए 7 से 21 जुलाई तक 'जीरो एक्सीडेंट डे (Zero Accident Day-ZAD)' अभियान चलाया जाएगा। इस बार अभियान 'नारी शक्ति द्वारा सुरक्षित अम्बेडकरनगर' थीम पर आयोजित होगा। अभियान को प्रभावी और जनभागीदारी आधारित बनाने के लिए एएसपी (पश्चिमी) हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी, आईआईटी मद्रास के हेमेंद्र शर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सत्येंद्र यादव, एआरएम रोडवेज, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, यातायात निरीक्षक और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों को समन्वय के साथ तय कार्यक्रमों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाने के लिए जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान सभी थाना क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों, चेक पोस्टों और दुर्घटना संभावित स्थानों पर विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने, तेज रफ्तार से वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सिर्फ चालान काटने तक कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को 5 से 10 मिनट तक सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता वीडियो दिखाए जाएंगे।

# जनसंघ से भाजपा तक का सफर: डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जुटे कार्यकर्ता

## लोहिया सभागार में सम्मेलन, डॉ. मुखर्जी के जीवन

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गुरुवार को भाजपा ने जयंती संस्मरण पखवाड़ा के तहत जिला मुख्यालय स्थित लोहिया सभागार में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, राजनीतिक योगदान और संगठन की विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री विनोद कुमार पटेल रहे। विषय प्रवर्तन पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने की, जबकि संचालन आनंद श्रीवास्तव ने किया।

मुख्य अतिथि विनोद कुमार पटेल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रारंभिक जीवन कोलकाता में बीता। उन्होंने इंग्लैंड से बैरिस्टर की शिक्षा प्राप्त करने के बाद कोलकाता हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में वह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े और देशहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया और नेहरू-लियाकत समझौते का विरोध करते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का सार्वजनिक जीवन और उनके निर्णय आज भी राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का विषय हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी।

## टांडा के चिंतौरा गांव में वारदात, आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर किया खुलासा

# शराब के नशे में घर पहुंचा पति पत्नी की गला दबाकर हत्या

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अम्बेडकरनगर। जिले के टांडा थाना क्षेत्र के चिंतौरा गांव में बुधवार देर रात घरेलू विवाद के बाद एक महिला की हत्या कर दी गई। घटना में 30 वर्षीय पूजा की गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप उसके पति रूप चंद पर लगा है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में था।

पुलिस के अनुसार बुधवार शाम रूप चंद नशे की हालत में घर पहुंचा था। इसके बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। विवाद धीरे-धीरे बढ़ा और स्थिति हिंसक हो गई।

गुरुवार सुबह रूप चंद ने घर को बंद किया और सीधे टांडा कोतवाली पहुंच गया। वहां उसने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। आरोपी के बयान के बाद पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और उसे साथ लेकर गांव पहुंची। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घर की तलाशी ली और अंदर से महिला पूजा का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं और फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों की पुष्टि की जाएगी। फिलहाल आरोपी हिरासत में है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। मृतका पूजा अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गई है। एक बच्चे की उम्र 8 वर्ष और दूसरे की 6 वर्ष बताई जा रही है। घटना के बाद बच्चों की देखभाल परिजन कर रहे हैं। फिलहाल मामला हत्या का दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

> **पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि विवाद की असली वजह क्या थी और घटना से पहले दोनों के बीच संबंधों की स्थिति कैसी थी।**



### गला दबाकर हत्या का आरोप

विवाद बढ़ने पर आरोप है कि रूप चंद ने पत्नी पूजा की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। हत्या के बाद घर में माहौल सामान्य नहीं रहा और परिजन भी स्थिति को लेकर अनजान रहे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वारदात के बाद आरोपी घर पर ही मौजूद रहा और अगले दिन सुबह तक मामला सामने नहीं आया।

# शिकायत पर जिला अस्पताल के वरिष्ठ सहायक की जांच शुरू

## बोनस भुगतान में अनियमितता के आरोप, जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे होगी कार्रवाई

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। संयुक्त जिला चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ सहायक विनय कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ लगाए गए वित्तीय अनियमितता के आरोपों की जांच शुरू हो गई है। मामले में एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह की ओर से भेजे गए शिकायत पत्र को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। समिति को पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया है कि संयुक्त जिला चिकित्सालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक विनय कुमार श्रीवास्तव ने दीपावली पर मिलने वाले बोनस का लगातार पांच माह तक भुगतान लेकर सरकारी धन का गबन किया है। शिकायत में इस मामले की विभागीय जांच कराने और संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी।

शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। जिलाधिकारी ने तथ्यों की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, ताकि पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जांच समिति बोनस भुगतान से जुड़े अभिलेखों, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच करेगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए जा सकते हैं। समिति अपनी जांच पूरी करने के बाद विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोप प्रमाणित नहीं होने की स्थिति में भी रिपोर्ट के आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा।

फिलहाल पूरा मामला जांच के दायरे में है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे, विवाद खड़ा कर लौटे!

## कार्रवाई के बाद राजस्व टीम पर उठे सवाल

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। जिले के जहांगीरगंज क्षेत्र के सुतहरपारा गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई विवादों के घेरे में आ गई है। राजस्व विभाग की टीम पर आरोप है कि सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के बजाय दूसरे व्यक्ति की दीवार गिरा दी गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

भाजपा उत्तर प्रदेश कार्य समिति (अनुसूचित मोर्चा) के सदस्य हरीकिशोर चौधरी ने अपर आयुक्त, अयोध्या मंडल को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि सुतहरपारा गांव का एक हिस्ट्रीशीटर सरकारी खलिहान की भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर मकान बनाकर रह रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित व्यक्ति पर राजस्व विभाग की ओर से लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन उसकी वसूली अब तक नहीं हो सकी। शिकायत के बाद अपर आयुक्त के निर्देश पर आलापुर के उपजिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित की। टीम ने गांव पहुंचकर कार्रवाई शुरू की, लेकिन इसके बाद पूरा मामला विवादों में घिर गया।

आरोप है कि टीम ने वास्तविक कब्जाधारी के निर्माण को नहीं हटाया, बल्कि कँवलपत्ती नामक व्यक्ति की दीवार गिरा दी।

**आयोजन : सभी 9 ब्लॉकों में चौपाल लगाकर दी गई जानकारी, मनरेगा के स्थान पर नई योजना लागू**

# 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना की शुरुआत

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। जनपद में गुरुवार को सभी नौ विकास खंडों में 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के तहत प्रत्येक विकास खंड की दो-दो ग्राम पंचायतों में कार्यशाला और चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को इसके प्रावधानों और क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। पंचायत भवन और कार्यस्थलों पर अधिकारियों ने लोगों को योजना से जुड़ी प्रमुख सुविधाओं से अवगत कराया।

नई योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। साथ ही सात दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान अनिवार्य किया गया है। मजदूरी की दर भी बढ़ाकर 252 रुपये से 300 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। योजना को पीएम गति शक्ति से भी जोड़ा गया है, ताकि विकास कार्यों की पुनरावृत्ति न हो और कार्यों में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। रामनगर विकास खंड की नयागांव और लखनपट्टी ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव ने चौपाल आयोजित कर योजना की जानकारी साझा की। अकबरपुर विकास खंड की सोनगांव और अहेथा, जहांगीरगंज की सहाबुद्दीनपुर और नसीरपुर छित्तौना, तथा बसखारी की मोहम्मदपुर सादुकपुर और रामपुर बेनीपुर ग्राम पंचायतों में अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को योजना के प्रावधान समझाए। कटेहरी विकास खंड के देनीपुर और मरथुआ सरैया में भी चौपाल आयोजित की गई। यहां सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव ने योजना के संबंध में जानकारी दी।

> **भियांव विकास खंड के बंदीपुर और सेमरा ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक तथा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने योजना के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी।**

### हर विकास खंड में आयोजित हुई चौपाल

विकास खंड टांडा की ग्राम पंचायत दौलतपुर काजी में मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों और श्रमिकों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। वहीं खासपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव ने लोगों को योजना के बारे में बताया। जलालपुर विकास खंड के गोलपुर में उपायुक्त (श्रम रोजगार), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक ने योजना की जानकारी दी। जैनापुर में भी ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को योजना से अवगत कराया।

# लालच का जाल: मानसिक मंदित व्यक्ति को झांसे में लेकर एग्रीमेंट

**तमसा संकेत, संवाददाता**




**इब्राहिमपुर में जमीन एग्रीमेंट और दुकान सामान बिक्री का आरोप, दो लोगों के खिलाफ विश्वासघात व एससी/एसटी एक्ट में जांच शुरू**

अंबेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से मंदित व्यक्ति को झांसे में लेकर जमीन का एग्रीमेंट कराने और बाद में दुकान का सामान बेचने के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर हुई है। आरोपियों पर विश्वासघात और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

मामला नाऊसांडा गांव का है। यहां के रहने वाले राजदेव कॉस्मेटिक और सब्जी की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आरोप है कि 25 नवंबर 2021 को उनकी दुकान पर उनका मानसिक रूप से मंदित भाई कौशल कुमार बैठा था।

आरोप के अनुसार नसरुल्लाहपुर निवासी सुरेश कुमार अग्रहरि और भारीडीहा निवासी छोटेलाल दुकान पर पहुंचे। दोनों ने कौशल कुमार को अलग दुकान खुलवाने का लालच दिया और एक लाख रुपये देने की बात कही। इसी दौरान 45 हजार रुपये देकर एग्रीमेंट कराया गया। बाद में जब राजदेव को जानकारी हुई तो उन्होंने विरोध किया और पैसे वापस करने की मांग की। आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज की गई और दबाव बनाकर एग्रीमेंट को आगे बढ़ाने की बात कही गई।

# सम्पादकीय

## बेलगाम होता भ्रष्टाचार




सीबीआई की ओर से तीन करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत की गिरफ्तारी प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर फिर से ध्यान आकर्षित कर रही है। दीपक गहलावत को जिस मामले में गिरफ्तार किया गया, वह नकली दवा बनाने वाले रैकेट की जांच से जुड़ा है। इस रिश्वतखोरी कांड के समय गहलावत नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में क्षेत्रीय निदेशक के पद पर तैनात थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने तीन करोड़ रुपये की रिश्वत के बदले अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए नकली दवा बनाने के आरोपित कारोबारी को सीबीआई जांच से बचाने का भरोसा दिया।

उन्होंने जांच एजेंसी के अधिकारियों पर इसके लिए दबाव भी बनाया। कहना कठिन है कि इस मामले की तह तक पहुंचने और दीपक गहलावत को उनके किए की सजा दिलाने में कितना वक्त लगेगा, लेकिन यह एक तरह से बाड़ खेत को खाए वाला एक और मामला है। यह लगातार देखने में आ रहा है कि रह-रह कर ऐसे अधिकारी सामने आते ही रहते हैं, जो गंभीर किस्म के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं। उनकी गिरफ्तारी भी होती है और उनके पास से अकूल संपत्ति भी बरामद होती है, लेकिन यह बहुत कम सुनने को मिलता है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया गया। भ्रष्ट अधिकारियों को समय रहते दंड न दिए जाने का परिणाम यह है कि उनका भ्रष्टाचार बेलगाम है। कुछ मामले तो ऐसे सामने आते हैं, जो खुले-नग्न भ्रष्टाचार की कहानी कहते हैं। इन दिनों ऐसा ही एक मामला दिल्ली में सरकारी अस्पतालों के लिए दवाएं और मेडिकल उपकरणों की खरीद में घोटाले का है। यह घोटाला 650 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। वास्तव में यह घोटाला नहीं एक तरह की खुली लूट थी। इसे इससे समझा जा सकता है कि बिना जरूरत कई गुना महंगे दामों पर दवाएं और मेडिकल उपकरण खरीदे गए। ऐसा लगता है कि किसी को नियम-कानूनों की कहीं कोई परवाह नहीं थी। इस मामले में स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व महानिदेशक डा. वत्सला अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। इस घोटाले में किस तरह करोड़ों के वारे-न्यारे किए जा रहे थे, यह इससे समझा जा सकता है कि 650 करोड़ रुपये में से करीब 50 प्रतिशत भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों की जेब में गए। नौकरशाही का भ्रष्टाचार एक नासूर बन गया है। केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम दावों के बाद भी नौकरशाहों के भ्रष्टाचार पर कहीं कोई प्रभावी लगाम लगती नहीं दिखती। भ्रष्ट नौकरशाही केवल सरकारी खजाने को लूटने का काम ही नहीं कर रही है, वह आम लोगों की समस्याएं बढ़ाने का भी काम कर रही है, क्योंकि जब भी कहीं भ्रष्टाचार होता है तो उससे कहीं न कहीं सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता भी होता है।

# प्लास्टिक बैग से जकड़ी जीवन-शैली से पर्यावरण तबाह

> आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक बैग हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। सब्जी और किराने की खरीदारी से लेकर कपड़े, दवाइयाँ, भोजन, ऑनलाइन डिलीवरी, उपहार पैकिंग और घरेलू सामान तक लगभग हर कार्य में प्लास्टिक बैग का उपयोग हो रहा है।





पृथ्वी आज जिस सबसे बड़े पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है, उसमें जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता का क्षरण और प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण भी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है। कभी आधुनिक जीवन की सुविधा और विकास का प्रतीक मानी जाने वाली प्लास्टिक आज मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग ने हमारी जीवन-शैली को इतना जकड़ लिया है कि उससे मुक्ति के बिना न स्वच्छ पर्यावरण की कल्पना की जा सकती है और न ही स्वस्थ भविष्य की। इसी चिंता को लेकर प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी का दिन है कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो वर्ष 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भयावह भविष्य का संकेत है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि प्लास्टिक अब केवल धरती पर बिखरा कचरा नहीं रहा, बल्कि हमारे शरीर का भी हिस्सा बन चुका है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हवा, पानी, भोजन, नमक, दूध, शहद और यहाँ तक कि मानव रक्त, फेफड़ों तथा गर्भनाल में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण पाए जा चुके हैं। एक सामान्य व्यक्ति प्रतिवर्ष हजारों सूक्ष्म प्लास्टिक कण भोजन, पेयजल और साँस के माध्यम से अपने शरीर में पहुँचा रहा है। यह स्थिति कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग, प्रजनन संबंधी समस्याओं और प्रतिरक्षा तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी अनेक स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म दे रही है। सुविधा और सस्तेपन के कारण इनका प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हमारा जीवन मानो प्लास्टिक की गिरफ्त में आ गया है। एक बार उपयोग के बाद फेंके जाने वाले ये बैग पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। इसलिए समय की मांग है कि हम कपड़े, जूट या कागज़ के थैलों को अपनाकर प्लास्टिक बैग से मुक्ति का संकल्प लें। प्लास्टिक केवल मनुष्य के स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पर्यावरण का भी शत्रु है। यह मिट्टी की उर्वरता को कम करता है, जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, नालियों को जाम कर शहरी बाढ़ का कारण बनता है तथा पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों की असमय मृत्यु का कारण बनता है। गायों के पेट से कई-कई किलो प्लास्टिक निकलने की घटनाएँ अब सामान्य हो गई हैं। समुद्री कछुए, डॉल्फिन, व्हेल और पक्षी प्लास्टिक को भोजन समझकर निगल लेते हैं और धीरे-धीरे मृत्यु का शिकार बन जाते हैं। इस प्रकार प्लास्टिक केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के पूरे जैविक तंत्र को नष्ट कर रहा है। विडम्बना यह है कि प्लास्टिक का सबसे बड़ा आकर्षण उसकी सुविधा है और यही सुविधा सबसे बड़ा संकट बन गई है। कुछ मिनटों के उपयोग के लिए बना प्लास्टिक बैग सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता। जिस वस्तु का उपयोग हम कुछ मिनट करते हैं, उसका दुष्प्रभाव कई पीढ़ियाँ भुगतती हैं। सुविधा की यह संस्कृति वास्तव में विनाश की संस्कृति बनती जा रही है। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है। देश में प्रतिदिन हजारों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसका बड़ा भाग खुले में पड़ा रहता है या नदियों एवं समुद्र तक पहुँच जाता है। विभिन्न राज्यों ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है, किन्तु प्रतिबंध का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब समाज स्वयं इसके प्रति जागरूक होगा। केवल कानून से आदतें नहीं बदलतीं, उसके लिए सामाजिक चेतना आवश्यक होती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस दिशा में अनेक सकारात्मक पहल की हैं। स्वच्छ भारत अभियान, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व जैसी नीतियाँ महत्त्वपूर्ण कदम हैं। किंतु इनकी सफलता तभी संभव है जब उद्योग, व्यापार, स्थानीय निकाय और आम नागरिक समान रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

आज आवश्यकता केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की नहीं, बल्कि जीवनशैली बदलने की है। जब तक हमारी खरीदारी की आदतें नहीं बदलेंगी, तब तक प्लास्टिक का उपयोग कम नहीं होगा। कपड़े या जूट का थैला साथ रखना, पुनः उपयोग योग्य बोतलों और डिब्बों का प्रयोग करना, अनावश्यक पैकेजिंग से बचना तथा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना-ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। उद्योगों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। उत्पादों की पैकेजिंग को पर्यावरण-अनुकूल बनाना, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग करना और प्लास्टिक कचरे के संग्रह एवं पुनर्चक्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करना समय की माँग है। केवल लाभ कमाने की मानसिकता से प्रकृति का संरक्षण संभव नहीं है। उद्योगों को 'ग्रीन बिजनेस' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यदि विद्यालयों और महाविद्यालयों में पर्यावरणीय जीवनशैली को व्यवहार का हिस्सा बनाया जाए, बच्चों को कपड़े के थैले उपयोग करने, प्लास्टिक-मुक्त परिसर बनाने और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों से जोड़ा जाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ अधिक संवेदनशील बनेंगी। पर्यावरण शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक का विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार बननी चाहिए। आज पूरी दुनिया 'सर्कुलर इकोनॉमी' की ओर बढ़ रही है, जहाँ उत्पादों का पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और संसाधनों का न्यूनतम दोहन प्रमुख लक्ष्य है। भारत के लिए भी यही भविष्य का मार्ग है। यदि हम पारंपरिक भारतीय जीवन-पद्धति को देखें तो वहाँ कपड़े के झोले, मिट्टी के बर्तन, धातु के पात्र और प्राकृतिक संसाधनों का पुनः उपयोग सामान्य जीवन का हिस्सा थे।

**– ललित गर्ग**

## केंद्रीय कृषि राज्य ...

अशोक त्रिपाठी

# मंत्री जी किसान हक से लिया अनुदान

यह मामला उन्हीं दिनों का है जब अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की करोड़ों की रकम और जेवर डकारने की जांच चल रही थी, उसी दौरान राजस्थान के रहने वाले एक केन्द्रीय राज्यमंत्री पर अनियमित रूप से भारी भरकम सब्सिडी लेने का आरोप लगा। मंत्री जी भी बहुत धाकड़ हैं और सीना तानकर कहने लगे कि मैं केन्द्रीय कृषि मंत्री हूं, इससे क्या होता है। मैं किसान हूँ और खेती के लिए सरकार किसानों को अनुदान देती है सो मैंने भी हक से अनुदान लिया है। अब केन्द्र सरकार के मंत्री हैं और उसी विभाग के मंत्री हैं जो किसानों को अनुदान देता है, तो कोई क्या कह सकता है। यह बात दीगर है कि आमतौर पर कई महीने तक किसानों को सब्सिडी नहीं मिल पाती लेकिन केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी को खीरे की खेती के लिए सिर्फ 14 दिनों के भीतर ही 99 लाख रुपये की सब्सिडी मिल गयी।

ऐसा ही राजस्थान का एक अन्य मामला अजब-गजब का सुनने को मिला है। लोग बाग अंतिम संस्कार के भोज में यथाशक्ति और यथा श्रद्धा प्रसाद तैयार कराते हैं लेकिन सिरोही में घी के मालपुआ नहीं परोसने पर प्रसाद ग्रहण करने वाले नाराज हो गये। मामला बिरादरी का है और 43 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया है। पीड़ितों



का हाल यह है कि सामाजिक बहिष्कार के चलते उन्हें न तो राशन मिल रहा है और न कुएं से पानी भरने दिया जा रहा है। अंतिम संस्कार के भोज को भी बेटे के विवाह की दावत बना दिया गया है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को उनके खीरे की खेती के लिए एक स्कीम के तहत 99 लाख रुपये की सब्सिडी मिली है। सब्सिडी लेने का बचाव करते हुए मंत्री ने कहा, मैं एक किसान हूं और बचपन से ही खेती-बाड़ी से जुड़ा रहा हूं। मैंने कुछ भी नहीं छिपाया है। हजारों किसान पॉलीहाउस लगाते हैं और सब्सिडी का फायदा उठाते हैं। इसलिए मैंने भी ऐसा ही किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि सब्सिडी के लिए मैंने 2018 में अप्लाई किया था। मैंने वहां एक बोर्ड लगाया है और लिए गए सभी लोन और सब्सिडी की जानकारी दी है। मैं वहां किसानों को नई तकनीकों और प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग भी देता हूं। सभी स्थानीय अधिकारियों ने उस जगह का दौरा किया है। मैंने किसी से कुछ भी नहीं छिपाया है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एक बड़े विवाद में घिर गए हैं। उन पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने ही मंत्रालय से खीरे की खेती के लिए 99 लाख रुपये की भारी-भरकम सब्सिडी प्राप्त करने के गंभीर आरोप लगे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरी प्रक्रिया बेहद असामान्य गति से पूरी की गई। भागीरथ चौधरी ने मंत्री पद संभालने के कुछ ही महीनों बाद अप्रैल 2025 में इस सब्सिडी के लिए आवेदन किया था, जिसे महज 14 दिनों के भीतर मंजूरी दे दी गई।

वहीं, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने उद्यानिकी सब्सिडी पर स्पष्टीकरण देते हुए इसे सरकारी नियमों के अनुरूप बताया। किसान होने के नाते पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही उन्हें योजना का लाभ मिला है। चौधरी ने स्पष्ट किया कि सब्सिडी स्वीकृति में उनका कोई व्यक्तिगत हस्तक्षेप नहीं होता, यह विभागीय मानकों पर आधारित है। बता दें मंत्री को अपने ही मंत्रालय की एक योजना के तहत सब्सिडी मिली है। इस योजना को उस बोर्ड ने मंजूरी दी थी जिसके वे पदेन उपाध्यक्ष हैं। चुनिंदा सब्जियों और फूलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने वाली यह योजना मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के तहत आती है। इसे 2014-15 में शुरू किया गया था और इसका संचालन नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड (एनएचबी) करता है, जो चौधरी के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक स्वायत्त संस्था है।

एनएचबी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इसके कामकाज का प्रबंधन एक निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) करता है, जिसके प्रमुख केंद्रीय कृषि मंत्री (पदेन अध्यक्ष के तौर पर) होते हैं और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री (पदेन उपाध्यक्ष के तौर पर) होते हैं।

यह स्कीम शिमला मिर्च, खीरा, टमाटर और गुलाब, एंथुरियम व ऑर्किड सहित आठ तरह के फूलों की खेती के लिए प्रोजेक्ट लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत सब्सिडी देती है, जिसकी सीमा प्रति परिवार 1 करोड़ रुपये है। 16,592 वर्ग मीटर में खीरे की खेती के लिए चौधरी का प्रोजेक्ट उन 467 प्रोजेक्ट्स में से एक है जिन्हें एनएचबी ने बागवानी फसलों के उत्पादन और कटाई के बाद प्रबंधन के माध्यम से व्यावसायिक बागवानी का विकास नामक योजना के तहत मंजूरी दी थी।

उधर, राजस्थान के सिरोही जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है।

# पाकिस्तान में 125 साल पुराना गुरुद्वारा गिराया गया



पाकिस्तान स्थित पंजाब प्रांत में 125 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को एक लोकल बिजनेसमैन ने गिरा दिया है। इस घटना के बाद वहां रहने वाले सिख समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत ने भी फारूकाबाद में स्थित इस गुरुद्वारे को गिराए जाने की कड़ी निंदा की। भारत ने इसे सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल पर किया गया बेहद शर्मनाक और जानबूझकर किया गया तोड़फोड़ का काम बताया। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार 24 जून की रात इस गुरुद्वारे को प्रशासन से जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी लिए बिना ही गिरा दिया गया। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में इस्लामाबाद से कहा कि वह इस मामले की जांच कराए और गुरुद्वारे के टूटे हुए हिस्सों को दोबारा बनवाए। भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपने यहां रहने वाले धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करे। रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें पाकिस्तान के फारूकाबाद में स्थित 125 साल पुराने पवित्र गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को गिराए जाने की बेहद दुखद खबरें मिली हैं। हम इस पवित्र सिख धार्मिक स्थल पर जानबूझकर किए गए तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। गुरुद्वारे को गिरा दिया गया और यह भी खबर है कि स्थानीय प्रशासन या इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यह बहुत गंभीर चिंता का विषय है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक सरकारी अधिकारी के अनुसार, लाहौर से लगभग 70 किलोमीटर दूर फारूकाबाद में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह सभा को एक लोकल बिजनेसमैन ने गिरा दिया। अधिकारी ने कहा, कारोबारी ने संबंधित विभाग से जरूरी एनओसी लिये बिना ही गुरुद्वारा गिरा दिया। जब तक इलाके के सिखों ने विरोध नहीं किया, तब तक विभाग ने इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इलाके में सिख समुदाय के विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने इस मामले का संज्ञान लिया। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने फारूकाबाद के गुरुद्वारा सिंह सभा का दौरा किया और उसके तुरंत पुनर्निर्माण का ऐलान किया। मंत्री ने औकाफ विभाग को निर्देश दिया कि जिस जमीन पर गुरुद्वारा सिंह सभा बना था, उसकी मालिकाना स्थिति और कानूनी रिकॉर्ड की तुरंत जांच की जाए।

# आलोचना से अपनेपन की ओर

जीवन एक शांत तालाब की तरह है इसमें ईर्ष्या-आवेश-आलोचना-पक्षपात-संदेह के पत्थर रोज़ गिराएंगे तो धुंधले पानी की तरह जीवन भी धुंधला हो जाएगा । अतः हम इसमें प्रेम-प्यार-विश्वास-सामंजस्य-सहिष्णुता आदि का मूलमंत्र अपना जीवन को सफल बनाएं । ताकी जीवन में सरलता-सहजता-सज्जनता-समता-समानता-सजीवता-सतर्कता-समर्थता-समीपता-सभ्यता-सम्पूर्णता आदि -आदि की चमक रहे। इन्सान की मर्यादा स्वभाव, व्यवहार एवं आचरण पर निर्भर करती है ।इन्सान का स्वभाव भाषा, शब्दों एवं वाणी द्वारा समझा जाता है, सरल भाषा,कर्ण प्रिय शब्द तथा मधुर वाणी इन्सान के स्वभाव की मर्यादा है, जिसे लांघने से इन्सान कटु स्वभाविक समझा जाता है । दूसरों का सम्मान करने वाला समाज में व्यवहारिक माना जाता है । अधिक बहस करना,आलोचनाएं या चापलूसी करना,प्रताड़ित करना,बकवास करना अथवा बात–बात पर टोकना आदि - आदि व्यवहार की मर्यादा भंग करना है जो समाज में इन्सान को अव्यवहारिक प्रमाणित करती है। घटना प्रसंग एक महात्माजी ने एक बड़ा सा सफेद पेपर लिया और उसे दीवाल पर चिपका दिया फिर उस पर एक छोटा सा काला बिन्दु मार्कर से कर दिया । उन्होंने सबसे पूछा बताओ तुम्हें दीवार पर क्या दीख रहा है? सब एक स्वर में बोले काला बिन्दु । महात्मा जी यह सुन बोले कि बड़ा कमाल है तुम में से किसी को भी इतना बड़ा सफेद कागज नज़र नहीं आया, पर उस पर लगा एक छोटा सा काला दाग दिमाग में घर कर गया ? यही तो रीत दुनिया की है । किसी व्यक्ति की उम्र भर की अच्छाई की इसकी कम ही लोग चर्चा करते हैं ।

› प्रदीप छाजेड़

## जरा हटके

## उधर, पंजाब के ...

अशोक त्रिपाठी–हिफी फीचर

# भगवंत मान का धरम-करम

अगले वर्ष पंजाब विधानसभा चुनाव होंगे। इस बार राज्य के राजनीतिक समीकरण बदले हुए दिखाई पड़ते हैं। अब तक वहां कांग्रेस, अकाली दल और आम आदमी पार्टी में ही मुकाबला होता था लेकिन भाजपा उसे चतुष्कोणीय बनाने की पुख्ता तैयारी कर रही है। उसने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के सांसदों को तोड़ लिया है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत कई नेता भी भगवा झंडे के नीचे आ चुके हैं इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने धरम और करम दोनों का सहारा लेने की रणनीति बनाई है। जुलाई की पहली तारीख को ही राज्य की महिलाओं के खाते में मायां धीयां सत्कार योजना के तहत सीधे तीन हजार रुपये सामान्य वर्ग की महिलाओं को और अनुसूचित जाति की महिलाओं को 4500 रुपये भेजे हैं। पंजाब सरकार ने इस योजना को अप्रैल 2026 में लागू किया था। इसलिए तीन महीने की धनराशि एक साथ भेजी गयी है। यह तो धरम और करम का मिश्रण है। इसके साथ ही भगवंत मान की सरकार ने 29 जून को ऐलान किया था कि इस साल के अंत तक राज्य में 7 हजार किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसका मकसद हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाना है। इससे पहले ही 14 हजार किलोमीटर पाइप लाइन और जलमार्ग तैयार हैं। उधर, पंजाब के सभी विधायक और सिख कैबिनेट मंत्री अमृतसर स्थित अकाल तख्त के सामने पेश हुए। इन सभी ने बचन दिया है कि गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी नहीं होने दी जाएगी। अब देखना है कि भगवंत मान का धरम-करम 2027 के विधानसभा चुनाव में कितना काम आता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 29 जून को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इस साल के अंत तक राज्य में 7,000 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, ताकि पंजाब के हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पिछले चार वर्षों में पहले ही 14,000 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन और जलमार्ग तैयार किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मोगा जिले में आयोजित एक लोक मिलनी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि इन पाइपलाइनों के माध्यम से पंजाब के लगभग 80 प्रतिशत खेतों तक 21,000 क्यूसेक नहर का पानी पहले से ही पहुंच रहा है। इसके अलावा, सरकार नहरों और नदियों के किनारे वाटर रीचार्ज पॉइंट बना रही है, जिससे कई इलाकों में भूजल स्तर दो से चार मीटर तक सुधरा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार की कई बड़ी उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है। इसके अलावा, बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के 68,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। वहीं, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए 3,100 खेल स्टेडियमों का निर्माण किया गया है।



# अमेरिका में जन्में बच्चों को मिलेगी नागरिकता

अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश को असंवैधानिक ठहरा दिया, जिसमें अवैध या अस्थायी रूप से अमेरिका में रह रहे लोगों के यहां जन्म लेने वाले बच्चों को अमेरिकी नागरिकता देने से इनकार किया गया था। अदालत ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन और लंबे समय से चली आ रही न्यायिक परंपरा के अनुसार अमेरिका की धरती पर जन्म लेने वाला लगभग प्रत्येक व्यक्ति अमेरिकी नागरिक है। इस निर्णय को अमेरिकी संविधान की मूल भावना, समानता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश जारी किया था। इस आदेश का उद्देश्य उन बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता से वंचित करना था जिनके माता-पिता या तो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे या फिर अस्थायी वीजा, जैसे छात्र वीजा अथवा अन्य अस्थायी दर्जे पर अमेरिका में मौजूद थे। यह आदेश ट्रंप प्रशासन की व्यापक आव्रजन (इमिग्रेशन) नीति का हिस्सा था, जिसके तहत अवैध प्रवास पर सख्ती और नागरिकता संबंधी नियमों को कठोर बनाने की कोशिश की जा रही थी। हालांकि ट्रंप के इस आदेश को लागू होने से पहले ही कई निचली अदालतों ने रोक दिया था। अंततः मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां न्यायाधीशों ने संविधान की व्याख्या और पूर्व न्यायिक फैसलों के आधार पर इसे खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि 14वें संशोधन की भाषा और उसके ऐतिहासिक उद्देश्य में जन्मस्थान के आधार पर नागरिकता का सिद्धांत स्पष्ट रूप से निहित है। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन वर्ष 1868 में गृहयुद्ध के बाद लागू किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य दास प्रथा की समाप्ति के बाद अश्वेत समुदाय और पूर्व गुलामों को पूर्ण नागरिक अधिकार प्रदान करना था। संशोधन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने या प्राकृतिक रूप से नागरिकता प्राप्त करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, जो उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन है, अमेरिका और जिस राज्य में वह निवास करता है, उसका नागरिक होगा। समय के साथ इस प्रावधान की व्याख्या व्यापक रूप से की गई और इसे सभी अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों पर लागू माना गया, कुछ सीमित अपवादों जैसे विदेशी राजनयिकों के बच्चों या विदेशी सैन्य कब्जे के दौरान जन्मे बच्चों को छोड़कर। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1898 के ऐतिहासिक वोंग किम आर्क मामले का भी उल्लेख किया।

**वीपी राहुल**

## विधिक सहायता एवं सशक्तीकरण शिविर, वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने की अनूठी पहल

# मछुआरा समुदाय को मिली कानूनी जागरूकता

**प्रदर्शन**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों में निवास कर रहे समस्त विस्थापित, अनुसूचित जनजाति, वनवासी व इसी प्रकृति के अन्य विशेष श्रेणी के ऐसे समुदाय जो वन विभाग एवं प्रशासन के साथ वर्षों से अपनी आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं, को मुख्यधारा से जोड़ना एवं उनके मूलभूत अधिकारों को संरक्षित करना है। यह विधिक साक्षरता शिविर समग्र विद्यालय, ग्राम-नवलपुर बैराज जनपद बिजनौर में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. मनु कालिया, सदस्य सचिव, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, संजय कुमार-VII जनपद न्यायाधीश, बिजनौर, जसजीत कौर, जिलाधिकारी बिजनौर, स्वाती चंद्रा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ. के.जी. सिंह पुलिस अधीक्षक बिजनौर, रणविजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर, जयसिंह कुशवाहा डी.एफ.ओ. बिजनौर, रितु रानी एस.डी.एम. बिजनौर, आलोक वर्मा, पी.डी. (डी.आर.डी.ए.) बिजनौर के अतिरिक्त अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और उनके द्वारा विस्थापित मछुआरा समुदाय से जुड़े व्यक्तियों के अलावा अन्य जनमानस को भी उनके अधिकारों से अवगत कराया गया।






■ उक्त शिविर देर सायंकाल तक चला जिसमें बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं द्वारा अत्यधिक संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया गया। इस अवसर पर एक मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सीय टीम की उपस्थिति में कुल 42 व्यक्तियों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया व परामर्श एवं औषधियां प्रदान की गईं।

**न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बिजनौर से हुई ऐतिहासिक पहल की शुरुआत**
**20 मामलों का लोक अदालत में निस्तारण, 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण**

### विधिक सहायता एवं सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

उक्त पहल की शुरुआत जनपद बिजनौर से की गई है, जहां 01 जुलाई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के उद्देश्यों के अनुरूप, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के सहयोग से विस्थापित मछुआरा समुदाय को लाभान्वित करने हेतु विधिक सहायता एवं सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का मुख्य लक्ष्य प्रशासन और विस्थापित समुदाय के बीच की दूरी को समाप्त करना तथा यह सुनिश्चित करना था कि ऐसे व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों और संबंधित कानून के बारे में जागरूक हों बल्कि उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त हो।

# हथियार तस्करी गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार और कारतूस की तस्करी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सेमी ऑटोमेटिक .32 बोर पिस्टल, चार मैगजीन, 50 जिंदा कारतूस, सात खोखा, एक होंडा सिटी कार, मोबाइल व नकदी बरामद हुई है।

एसटीएफ के अनुसार, पिछले कई दिनों से गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार नागर के निर्देश पर इंस्पेक्टर दिलीप कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ तलाश में जुटे थे। इस दौरान सूचना के आधार पर 4 आरोपियों को गाजीपुर थाना क्षेत्र में कल्याण अपार्टमेंट तिराहे से समता मूलक चौराहा जाने वाले बंधा मार्ग पर बुधवार रात करीब 11:50 बजे घेराबंदी कर होंडा सिटी कार से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बीबीडी निवासी संदेश प्रताप सिंह उर्फ राज, गोमतीनगर निवासी विवेक प्रजापति, चिनहट निवासी नितिन कुंडी और प्रिंस गुप्ता उर्फ सल्लू भाई के रूप में हुई है। पूछताछ में मुख्य आरोपी नितिन कुंडी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियार और कारतूस की खरीद-फरोख्त करता है। इससे पहले वह सिंथेटिक ड्रग्स और ऑर्गेनिक गांजा (ओजी) की तस्करी में भी शामिल रहा है। करीब दो साल पहले पुलिस मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी थी।

■ जेल से छूटे बदमाश ने बनाया गैंग, रंगदारी- जमीन पर कब्जा भी करते थे

**फास्ट न्यूज**

### सैनिटरी शोरूम में लगी आग

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरा नगर क्षेत्र में गुरुवार सुबह 10 बजे जगरानी अस्पताल के बगल स्थित अवध सैनिटरी शोरूम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और समय रहते आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। इंदिरानगर फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम को MDT/CUG के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली।

### अनुप्रिया ने कार्यकर्ता को चांदी का मुकुट पहनाया

लखनऊ। लखनऊ में अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पिता डॉ. सोनेलाल पटेल की तस्वीर पर फूल चढ़ाए। इस दौरान उनके पति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल कुर्सी पर बैठे रहे। अनुप्रिया ने मंच पर धनुष बाण उठाया। कार्यकर्ता को चांदी का मुकुट पहनाया गया। गुरुवार को अपना दल (एस) के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती के दौरान यह सीन दिखा। अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचीं।

### लखनऊ में युवक पर ताना पिस्टल, मारने की धमकी

लखनऊ। लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात युवक पर फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रीति नगर स्थित एकता पब्लिक स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों ने कौशल पांडे को निशाना बनाकर गोली चला दी। राहत की बात यह रही कि गोली किसी को नहीं लगी और कौशल पांडे बाल-बाल बच गया।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित एक बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 119 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग की 11वीं मंजिल पर चल रहे फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने 103 लैपटॉप, 177 कॉलिंग मोबाइल फोन, इंटरनेट कॉलिंग से जुड़े उपकरण, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद किए हैं। यह गिरोह विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के नागरिकों को प्रतिष्ठित कंपनियों और सरकारी एजेंसियों के नाम पर झांसा देकर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम देता था। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन, संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के पर्यवेक्षण तथा पुलिस उपायुक्त अपराध अनिल कुमार यादव के मार्गदर्शन में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) किरण यादव (आईपीएस), साइबर क्राइम सेल और थाना साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीम ने 1 जुलाई 2026 को यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि आरोपी इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म के जरिए अमेरिकी नागरिकों से संपर्क करते थे। खुद को बड़ी कंपनियों, बैंक या सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को फर्जी कानूनी कार्रवाई, टैक्स, टेक्निकल सपोर्ट या अकाउंट ब्लॉक होने का डर दिखाया जाता था।



■ 119 आरोपी गिरफ्तार 103 लैपटॉप और 177 मोबाइल बरामद

## 2025-26 में 12.67 करोड़ के 3563 मीट्रिक टन आम का हुआ निर्यात

# यूपी से आम निर्यात में रिकॉर्ड उछाल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026' का शुभारंभ करेंगे। तीन दिवसीय यह महोत्सव 3 से 5 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 07 श्रेणियों और 56 वर्गों में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 04 जुलाई को 'जन भवन', लखनऊ में पहली बार आम क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे बागवानों को सीधे बाजार से जोड़ा जा सके। मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे महोत्सव में आकर अपने साथ कम से कम एक पौधा अवश्य ले जाएं और उसे रोपित करें। बच्चों के लिए आम खाने की प्रतियोगिता और आम से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता महोत्सव का मुख्य आकर्षण होंगी। साथ ही बागवानों के लिए उन्नत तकनीक, तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, कीट-व्याधि नियंत्रण और विपणन पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।




मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश 3.27 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 61.96 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ आम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है, जो कुल राष्ट्रीय उत्पादन का 26.22 प्रतिशत है। दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, लखनऊ सफेदा, रटौल और आम्रपाली जैसी प्रजातियां विश्वभर में विख्यात हैं और इनका उत्पादन मुख्य रूप से लखनऊ, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज मण्डलों में होता है। एपीडा के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश से आम व पल्प के निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में 2.63 करोड़ रूपये मूल्य का 404 मीट्रिक टन निर्यात हुआ था, जो 2025-26 में बढ़कर 12.67 करोड़ रुपए मूल्य का 3,563 मीट्रिक टन हो गया है।

**इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3 से 5 जुलाई तक सजेगा आमों का संसार, 04 जुलाई को 'जन भवन' में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन**




**उद्यान मंत्री ने बताया कि महोत्सव में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, उत्तर-खण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातक हिस्सा लेंगे। महोत्सव में प्रदर्शन के लिए रखे गए आम के कलमी पौधे बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेंगे।**

## जनहित सर्वोपरि, सात वर्षों से बिजली दरें स्थिर रखकर सरकार ने निभाया भरोसा: ए के शर्मा

# लगातार सातवें वर्ष बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं : ए.के. शर्मा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी टैरिफ आदेश पर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। लगातार सातवें वर्ष सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरों को यथावत रखा जाना उत्तर प्रदेश सरकार की उपभोक्ता हितैषी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार, पारदर्शिता, हरित ऊर्जा को बढ़ावा तथा आधुनिक विद्युत अवसंरचना के विकास का जो विजन सामने आया है, उसे मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा है। आज उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी ऊर्जा राज्यों में शामिल है और बिजली उत्पादन, आपूर्ति, वितरण सुधार तथा उपभोक्ता सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भविष्य की ऊर्जा आवश्य-कताओं को ध्यान में रखते हुए हरित ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी लगातार प्रोत्साहित कर रही है। ग्रीन एनर्जी अतिरिक्त टैरिफ को भी पूर्ववत रखा गया है। साथ ही ईवी चार्जिंग अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों एवं बैटरी ऐज ए सर्विस (बीएएएस) प्रदाताओं को विशेष प्रावधानों के तहत लाभ दिया गया है।



**करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी सौगात**

### बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई

ए.के. शर्मा ने कहा कि यूपीईआरसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 2,580 करोड़ रुपये के रेगुलेटरी गैप के बावजूद बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। आयोग ने यह माना कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन एवं राज्य के डिस्कॉम्स के पास उपलब्ध रेगुलेटरी सरप्लस और बेहतर वित्तीय प्रबंधन के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डालने की आवश्यकता नहीं है।

**ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के कुशल प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन से बिना टैरिफ बढ़ाए उपभोक्ताओं को राहत देना सरकार की बड़ी उपलब्धि**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊर्जा सुधारों की सोच और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सुशासन का परिणाम, उत्तर प्रदेश में सस्ती और विश्वसनीय बिजली व्यवस्था मजबूत**

**20,400 करोड़ रुपये की सब्सिडी से किसानों, गरीबों और आम उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ, ईवी चार्जिंग और ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा**

### टैरिफ सब्सिडी को बढ़ाकर 20,400 करोड़ रुपये किया

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए टैरिफ सब्सिडी को बढ़ाकर 20,400 करोड़ रुपये कर दिया है, जबकि पिछले वर्ष यह 17,100 करोड़ रुपये थी। इस निर्णय से लाइफलाइन उपभोक्ताओं, ग्रामीण एवं शहरी गरीब परिवारों, निजी नलकूप संचालकों तथा ग्रामीण मीटर्ड उपभोक्ताओं को पूर्ववत राहत मिलती रहेगी। यह सरकार की जनकल्याणकारी सोच और गरीब, किसान तथा आम उपभोक्ता के हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# जनता को मिलेगा लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे का तोहफा
## 45-50 मिनट में पूरा होगा सफर

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ और कानपुर के बीच 63 किलोमीटर लंबे छह लेन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 13 जुलाई को होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सूत्रों ने बताया कि लोकार्पण समारोह कानपुर रोड पर आयोजित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में लखनऊ के इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर बनने वाले फ्लाईओवर का भी शिलान्यास किया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद आईआईएम रोड, सीतापुर रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा तथा लोगों को जाम से राहत मिलेगी। नए एक्सप्रेसवे पर यात्रा के लिए वाहन चालकों को टोल शुल्क देना होगा। हालांकि, टोल की दरें अभी घोषित नहीं की गई हैं। एनएचएआई जल्द ही विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए शुल्क की जानकारी जारी करेगा।



राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के जरिए पहुंचने में ट्रैफिक के अनुसार करीब डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है। एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद यही सफर लगभग 45 से 50 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जिससे दोनों शहरों के बीच आवागमन तेज और सुविधाज-नक होगा। यह एक्सप्रेसवे उन्नाव होते हुए गुजरेगा और बंथरा, बनी, आजाद नगर समेत आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा। माना जा रहा है कि इस परियोजना से औद्योगिक, व्यापारिक और लॉजिस्टिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा लखनऊ-कानपुर कॉरिडोर के आर्थिक विकास को नया बल मिलेगा।

## योजना : 936 ट्रेनिंग प्रोवाइडर्स संवारेंगे 1 लाख से अधिक युवाओं का भविष्य : कपिल देव अग्रवाल

# 'एआई फॉर ऑल' और फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज अनिवार्य

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगा-रपरक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य कौशल विकास निधि (SSDF) योजना के अंतर्गत अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण के दूसरे चरण का लक्ष्य आवंटन जारी कर दिया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्किल इंडिया' विजन को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश आज कौशल विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप युवाओं को टेक-सेवी बनाने के लिए हर बैच में 4 घंटे का 'AI for All' और सॉफ्ट स्किल मॉड्यूल पढ़ाना अनिवार्य किया गया है। कोर्सेज की अधिकतम अवधि 900 घंटे तय की गई है और आवासीय सेंटर्स पर रोज कम से कम 8 घंटे की क्लास अनिवार्य होगी। पारदर्शिता के लिए पूरे सेंटर पर निर्धारित मानकों के अनुसार सीसीटीवी लगाना अनिवार्य किया गया है, जिससे मुख्यालय से सीधी निगरानी हो सके। साथ ही, युवाओं का सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए हर सेंटर पर रोज एक हिंदी और एक अंग्रेजी अखबार रखना होगा। नए सेंटर्स का उद्घाटन स्थानीय विधायक से कराना अनिवार्य होगा। संस्थाएं केवल NCVET/NQR पोर्टल पर लिस्टेड जॉब रोल ही चुन सकेंगी और DPMU द्वारा गहन जांच के बाद ही बैच को मंजूरी दी जाएगी।

■ युवाओं के लिए योगी सरकार की बड़ी पहल
■ 'एआई फॉर ऑल' और फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज हुए अनिवार्य
■ एसएसडीएफ योजना के दूसरे चरण में 1 अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं
■ सीसीटीवी से होगी निगरानी, लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई

### लक्ष्य मिलने का मतलब काम शुरू करना नहीं

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि लक्ष्य मिलने का मतलब काम शुरू करना नहीं है। जब तक ट्रेनिंग प्रदाता मिशन के साथ लिखित एग्रीमेंट नहीं कर लेते और उसकी पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक DPMU बैच बनाने की अनुमति नहीं देगी। मिशन के पास बजट या जरूरत के हिसाब से टारगेट घटाने-बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है। यदि किसी संस्था ने समय पर क्लास शुरू नहीं की या ग्राउंड से कोई शिकायत मिली, तो योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बिना देर किए उनके खिलाफ सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

योगी सरकार ने कौशल प्रशिक्षण को पूरी तरह पारदर्शी और परिणाममूलक बनाने के लिए इस बार लक्ष्य आवंटन की प्रक्रिया में 'कौशल दर्पण' AI डैशबोर्ड का उपयोग किया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (DPMU) से प्राप्त केंद्र कैपेसिटी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ही सभी 936 प्रदाताओं को लक्ष्य दिए गए हैं।

# राहत कार्यों में संवेदनशीलता पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए

तमसा संकेत, संवाददाता

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए तहसीलवार एवं ग्रामवार माइक्रो प्लान तैयार किया जाए : राहत आयुक्त

लखनऊ। प्रदेश में संभावित बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत गुरूवार को दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में बाढ़ प्रबंधन से संबंधित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रमुख सचिव, राजस्व श्रीमती अपर्णा यू. ने की तथा सचिव, राजस्व एवं राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्रीमती अपर्णा यू. ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक के जीवन एवं सुरक्षा की रक्षा करना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान प्रभावित व्यक्तियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक राहत शिविर में सम्मानजनक एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संसाधनों का केवल आवंटन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी वास्तविक उपलब्धता, उपयोगिता तथा आवश्यकता के अनुरूप विश्लेषण करते हुए पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक परिस्थिति में जनसामन्य को उचित सुविधाएं तथा सहयोग उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम गतिशक्ति पोर्टल सहित उपलब्ध तकनीकी प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग करते हुए समन्वित योजना बनाने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों में संवेदनशी-लता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे बाढ़ प्रबंधन को केवल प्रशासनिक दायित्व न मानकर जनसेवा का महत्वपूर्ण अवसर समझें तथा समयबद्ध, समन्वित एवं परिणामो-न्मुख कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे संभावित बाढ़ से जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सचिव, राजस्व एवं राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि बाढ़ पूर्व तैयारियों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी जनपद निर्धारित समय-सीमा में अपनी तैयारियां पूर्ण करें।

# गाजियाबाद में दोस्तों ने सीने-पेट में 4 मारे, आंतें बाहर आईं

# बर्थडे पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**वारदात**




**पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान न्यू शांति नगर निवासी मोहित पुत्र बबलू शर्मा के रूप में हुई है। घटना क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की है।**

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । गाजियाबाद में गुरुवार तड़के करीब 3 बजे एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बुधवार रात करीब 11 बजे उसके दोस्त उसे बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बहाने घर से बुलाकर ले गए। पार्टी के दौरान 3 दोस्तों ने उसे घेर लिया। फिर सीने में तीन और पेट में चार बार चाकू मारा। हमले में उसकी आंतें बाहर आ गईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगीं। मोहित के परिवार की एक महिला ने बताया- गौरव अक्सर लड़ाई-झगड़ा करता रहता है। करीब दो-तीन महीने पहले भी उसने क्रॉसिंग इलाके में एक दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। उस मामले में वह जेल गया था, लेकिन करीब एक महीने बाद जमानत पर बाहर आ गया।



मोहित के परिवार की एक महिला ने बताया–गौरव कुछ दिन पहले जेल गया था।जमानत पर बाहर आने के बाद मोहित की हत्या कर दी।

## बर्थडे पार्टी के बहाने घर से बुलाकर ले गए

न्यू शांति नगर निवासी बबलू शर्मा के दो बेटे और एक बेटी हैं। मोहित सबसे छोटा था। उसने 12वीं तक पढ़ाई की थी। परिजनों के मुताबिक, बुधवार रात वह खाना खाकर घर में सो रहा था। रात करीब 11 बजे मोहल्ले के रहने वाले उसके दोस्त गौरव, देव और हरि घर पहुंचे। गौरव ने मोहित से कहा कि उसका बर्थडे है और पार्टी में चलना है। मोहित पहले जाने के लिए तैयार नहीं था, लेकिन तीनों दोस्त उसे अपने साथ ले गए। आरोप है कि वहां अन्य दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान नशे की हालत में गाली-गलौज शुरू हो गई। इसी बीच गौरव, देव और हरि ने मिलकर मोहित पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सीने और पेट पर कई वार करने के बाद आरोपी उसे मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

# परिजनों ने लगाया जाम

## अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, फिर लगा जाम

गुरुवार तड़के करीब 3 बजे परिजनों को सूचना मिली कि मोहित को उसके दोस्तों ने चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल मोहित को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की हत्या से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 9 बजे शव रखकर सड़क जाम कर दिया। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगीं। सूचना पर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और समझाकर जाम खुलवाया।

# प्रेमी-प्रेमिका एक रस्सी से पेड़ पर लटके मिले

## महोबा में मौत से पहले लड़की की मांग में सिंदूर भरा

तमसा संकेत, एजेंसी

महोबा। यूपी के महोबा में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे प्रेमी-प्रेमिका के शव पेड़ पर एक ही रस्सी से लटके मिले। लड़की की मांग में सिंदूर भरा था। मौके से एक मोबाइल फोन, कोल्ड ड्रिंक की बोतल और चिप्स के रैपर भी मिले हैं।

गांववालों का कहना है कि दोनों ने मौत से कुछ देर पहले ही शादी कर ली थी। दोनों बुधवार रात 8 बजे से अपने घरों से लापता थे। घरवालों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घरवालों ने बताया कि दोनों के बीच पिछले 3 साल से अफेयर था। पुलिस का कहना है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी। घटना जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर चरखारी थाना क्षेत्र की है।

सबुआ गांव में रहने वाला उपेंद्र विश्वकर्मा (24) गांव में ही एक आरा मशीन में लकड़ी काटने का




काम करता था। 3 साल पहले उसकी मुलाकात जयेंद्र नगर में रहने वाली आरती कुशवाहा (22) से हुई थी। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन अलग-अलग जाति से होने के कारण दोनों को समाज और परिवार का डर था। इसलिए उन्होंने इस रिश्ते के बारे में परिवार में भी किसी को भनक नहीं लगने दी थी।

पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई (बुधवार) की रात 8 बजे आरती दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन फिर नहीं लौटी। घरवालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

**फास्ट न्यूज**

### कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम की जमानत याचिका खारिज

मेरठ । मेरठ कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम के बालिग घोषित होने के बाद उसकी मुश्किल बढ़ती जा रही है। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे कोर्ट ने पारस सोम की जमानत याचिका खारिज कर दी। फिलहाल पारस को किसी भी तरह की राहत मिलने की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। वादी पक्ष का कहना है कि जब भी याचिका दायर होगी, तब ही उसको अपोज किया जाएगा।

### मेरठ में 100 की स्पीड से दौड़ी कार

मेरठ । मेरठ में बुधवार देर रात करीब 11:45 बजे तेज रफ्तार कार ने सड़क पर जमकर कहर बरपाया। करीब 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही कार ने एक के बाद एक छह वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन से चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी चालक कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक नशे में धुत था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की सरस्वती लोक कॉलोनी के पास हुआ।

### फ्री ट्रेनिंग के बाद अब तुरंत मिलेगा बिजनेस लोन

हरदोई । हरदोई में गुरुवार शाम 4 बजे मुख्य विकास अधिकारी (CDO) नेहा व्याडवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की जिला स्तरीय सलाहकार समिति के कार्यों की समीक्षा की गई।

# बेसिक शिक्षा विभाग की कार्रवाई बीएसए डॉ. अजित सिंह निलंबित

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। हरदोई जिले में शिकायतों और अनियमितताओं के जाल में फंसे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. अजित सिंह को आखिरकार शासन ने निलंबित कर दिया। बीएसए पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हुई है। डॉ. अजित सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशायल संबद्ध कर दिया गया था। उनके खिलाफ विभागीय जांच संयुक्त शिक्षा निदेशक (षष्ठ मंडल) करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कुछ गंभीर शिकायतें जिलाधिकारी अनुनय झा को मिली थीं। इस पर उन्होंने जांच के लिए नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। एसडीएम सदर, संजय अग्रहरि और डायट प्राचार्य रमेंद्र सिंह इसमें सदस्य थे। जांच टीम ने 61 अभ्यर्थियों की नियुक्ति पत्रावली गायब होने, ईसीसीई एजुकेटर भर्ती परीक्षा में शासनादेश का पालन न



करने, सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन और अन्य देयताओं से संबंधित पत्रावलियों को लंबित रखने की पुष्टि करते हुए रिपोर्ट डीएम को 20 जून को सौंपी थी। इसी रिपोर्ट पर डीएम अनुनय झा ने बीएसए डॉ. अजित सिंह को निलंबित करते हुए विभागीय जांच कराए जाने की संस्तुति की थी। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को बीएसए डॉ. अजित सिंह को निलंबित कर दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में बीएसए निदेशायल से संबद्ध रहेंगे। मामले की विस्तृत जांच संयुक्त शिक्षा निदेशक करेंगे।

### दुर्गाकुंड के आनंद पार्क में युवक ने की आत्महत्या

वाराणसी। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड स्थित आनंद पार्क के भीतर दक्षिणी हिस्से में स्थित आम के पेड़ की डाल से रस्सी फंदा फंसाकर 35 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार को शाम 4.30 बजे का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फोरेंसिक जांच के बाद उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं।

पार्क के पास रहने वाले संतोष ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन पार्क में घूमने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि पर की चौकीदार को इसकी सूचना दी गई। हालांकि युवक कहां से आया और कब आया इसकी जानकारी किसी को नहीं है पहले वह यहां देखा भी नहीं गया था। प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर दुर्गा सिंह ने बताया कि मृतक इलाके में घूम घूम कर मांगता खाता था। उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। बनकटी हनुमान गली की तरफ पार्क में स्थित पुराने भूखंड के हिस्सा गिराने के कारण पीछे से रात में लोग घुसकर सोते हैं।

## विधायक ने इसे संदिग्ध बताते हुए साजिश की आशंका जताई, पुलिस जांच में जुटी

# भाजपा एमएलए बृजभूषण राजपूत की कार में ट्रक ने मारी टक्कर

तमसा संकेत, एजेंसी

महोबा । बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू भैया के काफिले को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसे में गनर, ड्राइवर और गार्ड घायल हुए. विधायक ने इसे संदिग्ध बताते हुए साजिश की आशंका जताई, पुलिस जांच में जुटी है.

उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से एक बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आई है. भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर और चरखारी विधानसभा से लगातार दूसरी बार के विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू भैया एक भीषण सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए हैं. एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने विधायक के काफिले की स्कॉर्पियो कार को इतनी जोरदार



**यह भीषण हादसा महोबा के खरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत संकट मोचन मंदिर के पास हुआ. जानकारी के मुताबिक, केला लदे एक तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रक ने विधायक के स्कॉर्पियो को इतनी भयानक टक्कर मारी कि गाड़ी का एक हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया.**

टक्कर मारी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में विधायक के सरकारी गनर, प्राइवेट गार्ड और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वहीं टक्कर के बाद विधायक ने इस हादसे के पीछे गहरी साजिश की आशंका जताई है. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है.

टक्कर से ठीक पहले विधायक बृजभूषण राजपूत जिस गाड़ी में सवार थे उसके ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाई. ड्राइवर ने खतरे को भांपते हुए विधायक की कार को सड़क से नीचे खंदी की तरफ उतारकर पहले ही रोक दिया था. अगर ड्राइवर तत्परता न दिखाता तो विधायक की गाड़ी भी इस भीषण हादसे का शिकार हो जाती और बड़ा नुकसान हो सकता था।

## विधायक ने जताई साजिश की आशंका

हादसे के तुरंत बाद का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें गाड़ी की हालत देखकर हर कोई हैरान है. हादसे के बाद जब मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक ड्राइवर को नींद आने की बात कही तो विधायक गुड्डू भैया बेहद गुस्से में नजर आए और उन्होंने इसे सामान्य हादसा मानने से इनकार कर दिया. विधायक वीडियो में कहते सुनाई दे रहे हैं 'कोई नींद-वींद नहीं आई, यह बदमाशी कर रहा है. गाड़ी पूरी बेकार हो गई है, बहुत तेज टक्कर मारी है. अगर ड्राइवर नहीं बचाता तो गाड़ी खाई में गिर जाती. पहले यह आगे वाली गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश कर रहा था, जब वह बची तो इसने पीछे वाली गाड़ी को उड़ा दिया. अब पकड़े जाने पर बोलेगा ही कि नींद आ गई थी.'

## मजदूरों के शरीर पर चोट, कटने के निशान, हड्डी टूटने तथा लंबे समय तक शारीरिक प्रताड़ना के संकेत मिले

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्पीड़न के मामले में लिया संज्ञान

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने मीडिया में प्रकाशित खबरों के आधार पर उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर जिले के मंडी गांव स्थित एक पेपर प्लेट बनाने वाली फैक्ट्री में 12 बंधुआ मजदूरों के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है।

खबरों के अनुसार, इन मजदूरों को करीब डेढ़ साल तक फैक्ट्री में बंद रखकर काम कराया गया। उनसे आधी रात तक काम लिया जाता था तथा उन्हें पर्याप्त भोजन और मजदूरी भी नहीं दी जाती थी। बताया गया है कि एक मजदूर किसी तरह फैक्ट्री से भाग निकला और उसने तितावी थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए

National Human Rights Commission (NHRC)

अन्य मजदूरों को भी मुक्त कराया।

25 जून 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखंड तथा नेपाल के रहने वाले थे। उन्हें रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से रोजगार, नियमित वेतन, भोजन और रहने की सुविधा का झांसा देकर फैक्ट्री लाया गया था। फैक्ट्री पहुंचने के बाद उनके मोबाइल फोन और पहचान पत्र कथित रूप से छीन लिए गए, ताकि वे अपने परिवार से संपर्क न कर सकें। आरोप है कि मजदूरों को डराने और उनके भागने से रोकने के लिए पिटबुल नस्ल के कुत्तों का भी इस्तेमाल किया जाता था।

## एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी

मेडिकल जांच में मजदूरों के शरीर पर चोट, कटने के निशान, हड्डी टूटने तथा लंबे समय तक शारीरिक प्रताड़ना के संकेत मिले हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या इस दौरान और भी लोगों की मौत हुई थी।

आयोग ने कहा है कि यदि मीडिया में प्रकाशित खबरें सही हैं, तो यह मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मामला है। इसलिए आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

> **आयोग ने मुज़फ्फरनगर के जिलाधिकारी को भी निर्देश दिया है कि वे श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की मानक कार्यप्रणाली तथा बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के अनुसार मामले की जांच करें। साथ ही सभी मुक्त कराए गए मजदूरों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने और आयोग की 8 दिसंबर 2021 की सलाह के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।**

# होमगार्ड के हत्यारे को फांसी की सजा सुनाई गई

## मुजफ्फरनगर में कोर्ट ने 6 साल बाद फैसला सुनाया

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में ड्यूटी के दौरान हुई होमगार्ड की हत्या के दोषी को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के जज रवि कुमार दिवाकर ने फैसला सुनाते हुए कहा-

पुलिस बल समाज की रीढ़ है। जब कानून का प्रहरी गिरता है तो केवल एक व्यक्ति की जान नहीं जाती, बल्कि समाज का कानून-व्यवस्था पर भरोसा भी आहत होता है। ऐसे समय न्यायालय का दायित्व है कि वह अपने निर्णय से उस विश्वास को फिर से स्थापित करे।

दरअसल, 4 जून 2020 को ड्यूटी के दौरान होमगार्ड रतिराम पर



चाकू से हमला किया गया था। हमला इतना निर्मम था कि उनकी आंतें बाहर आ गई थीं। करीब चार महीने तक इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। अब करीब छह साल बाद इस मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

कोतवाली नगर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल इस्लाम अली और होमगार्ड रतिराम बुढ़ाना मोड़ क्षेत्र में 4 जून 2020 को गश्त कर रहे थे। तभी डीलर वाली गली नंबर-3 से चीख-पुकार सुनाई दी। दोनों पुलिसकर्मी एक मकान के अंदर पहुंचे, जहां आरोपी दीपक अपनी मां राजबाला के साथ मारपीट कर रहा था।

पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भड़क गया। उसने हाथ में मौजूद छुरी से पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दीपक ने होमगार्ड रतिराम के पेट में छुरी घोंप दी, जिससे उनकी आंतें बाहर आ गईं। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। हालांकि, पुलिस ने अगले ही दिन, 5 जून को उसे खून से सनी छुरी के साथ गिरफ्तार कर लिया था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### वकीलों का चंपत ...

इस शिकायत में चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव के अलावा ट्रस्टी कृष्ण मोहन को भी आरोपी बनाया गया है। वकीलों के इस प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पुलिसकर्मियों को भीड़ पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज नहीं किया, तो वे एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच तेज हो गई है। गुरुवार को ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा से मंदिर के एक बंद कमरे में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) पूछताछ कर रही है। वहीं, आमंत्रित ट्रस्ट सदस्य गोपाल राव को कमरे के बाहर बैठाया गया है।

इससे पहले रविवार को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से करीब 3 घंटे पूछताछ हुई थी। अब उनके बयानों का मिलान करने और आरोपियों लवकुश मिश्रा व अनुकल्प मिश्रा की नियुक्ति में ट्रस्ट पदाधिकारियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

SIT गुरुवार दोपहर 3 बजे राम मंदिर पहुंची थी। इससे पहले टीम 15 से 20 जून तक भी मामले की जांच कर चुकी है। उधर, पुलिस ने जेल में बंद आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की रिमांड पर लिया है। उसके घर से राम मंदिर का संदूक, 20 लाख रुपए नकद, 1,000 से ज्यादा डॉलर और गहने मिले थे। अविनाश मंदिर में चढ़ावे की गिनती का काम करता था।

इधर, प्रशासन आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण (ADA) ने ऐसे मकानों की पहचान की है, जहां नियमों का उल्लंघन हुआ है। लवकुश मिश्रा के शहादतगंज स्थित मकान और अनुकल्प मिश्रा के कौशलपुरी स्थित मकान पर कार्रवाई हो सकती है। ADA ने लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा को नोटिस भी जारी किया है। आरोपी अविनाश शुक्ला के भाई अमित शुक्ल का नोटों की गड्डियां हाथ में लिए एक वीडियो सामने आया है। पुलिस ने वीडियो की जांच कर रही है।

### इंडियन नेवी ने ...

इसके बाद उन्होंने तुरंत रेडियो कम्युनिकेशन चैनल के जरिए भारतीय नौसेना को इस हमले की जानकारी दी और मदद मांगी।

सूचना मिलते ही मिशन पर तैनात INS त्रिकंड मौके पर पहुंचा। युद्धपोत को आते देख लुटेरे भाग निकले। इसके बाद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज पर चढ़कर तलाशी ली और पूरे पोत को सुरक्षित किया। घटना में किसी तरह के नुकसान या हताहत होने की जानकारी नहीं दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, जिस जहाज पर डाकुओं ने हमला किया था, उसका नाम MV गोल्डन आर्सेनल है। इस कमर्शियल जहाज पर भारत के लिए बेहद जरूरी और महत्वपूर्ण सामान (कार्गो) लदा हुआ था।

सबसे खास बात यह है कि इस जहाज के क्रू में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। चालक दल के किसी भी सदस्य के घायल होने या जहाज को कोई नुकसान पहुंचने की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। इससे पहले 19 जून को भी INS त्रिकंड ने पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापारी जहाज MV Fareeda 5 से मिले संकट संदेश पर तत्काल कार्रवाई की थी। भारतीय नौसेना के मुताबिक, समय पर हस्तक्षेप कर संभावित समुद्री डकैती के खतरे को टाल दिया गया और जहाज की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

### हिरासत में मौत के ...

अदालत ने तत्कालीन थाना प्रभारी माधव धांडे के अलावा मदन पवार, शिवाजी खिल्लारी, पंजाब पाटकर, रमेश पवार, प्रकाश तराम, नागोराव खांडके, अशोक वैद्य और वसंत जाधव को दोषी करार दिया। सभी को भारतीय दंड संहिता (IPC) और दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई गई।

इस मामले की जांच सीआईडी ने की थी. जांच एजेंसी ने महज 34 दिनों में जांच पूरी कर पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या और एससी एसटी कानून के तहत भी मामला दर्ज किया था. अदालत में सरकारी पक्ष ने सबूतों और गवाहों के आधार पर यह साबित करने की कोशिश की कि हिरासत में हुई मौत कोई सामान्य घटना नहीं थी, बल्कि कथित तौर पर पुलिस की हिंसा का परिणाम थी।

सरकारी वकील श्रीराम नारायणराव ने कोर्ट को बताया कि बेग्या पवार का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था और किसी व्यक्ति का अपराध साबित होने से पहले पुलिस को उसे प्रताड़ित करने या कानून अपने हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं था। अदालत ने भी माना कि पुलिस हिरासत में किसी नागरिक के साथ अमानवीय व्यवहार और हिंसा लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर चोट है। इसी आधार पर सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई।

### सूचना निदेशक ...

या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

### 'फैसलों में एआई ...

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) का फैसला रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा AI से बनाए गए झूठे और गैर-मौजूद फैसलों को कोर्ट में असली बताकर पेश करना न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए ऐसे मामलों में अदालतों को बिल्कुल भी नरमी नहीं दिखानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि नकली कानूनी जानकारी दिखने में छोटी बात लग सकती है, लेकिन यह बहुत खतरनाक होती है। इससे न्यायिक प्रक्रिया खराब होती है और अदालत के फैसलों पर लोगों का भरोसा भी कम हो सकता है।

अगर कोई वकील बिना जांच किए AI से मिली जानकारी को कोर्ट में पेश करता है, तो यह उसकी बड़ी पेशेवर गलती है। इसी तरह अगर कोई जज भी ऐसी गलत जानकारी पर भरोसा करता है, तो यह भी गंभीर चूक मानी जाएगी।

न्याय व्यवस्था में ईमानदारी और भरोसा बनाए रखना बहुत जरूरी है। AI का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन अंतिम फैसला और जांच हमेशा इंसानों को ही करनी चाहिए।

### 'चुनाव सितंबर में ...

साथ ही दावा किया कि यूपी के विधानसबा चुनाव नवंबर की जगह सितंबर में ही करा लो। हम पूरी तरह से तैयार हैं। सपा न तो कभी टूटी है और न ही कभी टूटेगी। इस दौरान अयोध्या के 'मंदिर राम निवास' के पंच प्रमुख हरिशंकर साफरीवाला भी मौजूद रहे। इसके साथ ही अखिलेश ने कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध, एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भी सरकार को घेरा।

### पत्थर खदान में ...

घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की खदान में खनन चल रहा था।

इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर आ गिरा। हादसे में 5 मजदूर भी घायल हो गए। पांचों खतरे से बाहर हैं। सभी मृतक व घायल दिहाड़ी मजदूर थे और वहां स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे।

एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मैं मौके पर पहुंचे और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता, लेकिन उस समय नीचे करीब 18 लोग काम कर रहे थे। हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। मलबे में दबे 4 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# श्रेयस इंग्लैंड में फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान, बारिश की वजह से मैच रद्द

# अभिषेक सबसे तेज 100 टी 20 छक्के लगाने वाले बैटर

**शानदार**

**डरहम, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं हो सका। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए। इसके बाद बारिश आई और इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो सकी। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 59 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 68 रन की पारी खेली। वे इंग्लैंड में टी-20 फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने। भारतीय पारी के दूसरे ओवर में ईशान किशन रन आउट हुए। साकिब महमूद की आखिरी गेंद को किशन ने मिड-ऑन की ओर खेला। वे शॉट लगाते ही सिंगल के लिए दौड़ पड़े। दूसरे छोर पर खड़े अभिषेक शर्मा ने रन के लिए मना कर दिया। किशन वापस लौटे और क्रीज में पहुंचने के लिए फुल स्ट्रेच डाइव लगाई। इस दौरान ब्रूक के थ्रो पर विकेटकीपर जोस बटलर ने स्टंप बिखेर दी। किशन क्रीज से दूर रह गए। वे लगातार दूसरे मैच में रन आउट हुए। इससे पहले वे आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में भी 12 रन बनाकर रनआउट हो गए थे।




किशन 2 गेंद पर बिना खाता खोले रन आउट हुए।

### श्रेयस ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

श्रेयस इंग्लैंड में जाकर टी-20 में फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 68 रन बनाए। यह इंग्लैंड के मैदान पर टी-20 में किसी भारतीय कप्तान की सबसे बड़ी पारी है। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। कोहली ने 2018 में कार्डिफ के मैदान पर 47 रन बनाए थे।



### रोहित-विराट के क्लब में अभिषेक शामिल

अभिषेक भारत के लिए 100 छक्के लगाने वाले पांचवे भारतीय बने। उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब में जगह बनाई। रोहित शर्मा टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उनके नाम 205 छक्के हैं। इस रिकॉर्ड में सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पंड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) भी शामिल हैं।

अभिषेक इंग्लैंड में टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। अभिषेक ने महज 20 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने केएल राहुल का 8 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। राहुल ने 2018 में मैनचेस्टर के मैदान पर 27 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में भारत का कोई मैच कंप्लीट नहीं हो पाया है। भारत ने यहां 3 मैच खेले हैं और तीनों मुकाबले बेनतीजा रहे।



अभिषेक शर्मा टी-20 में सबसे कम गेंद में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 4 छक्के लगाए। अभिषेक ने 785 गेंद में 100 छक्के पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ईविन लुईस के 789 गेंद का रिकॉर्ड तोड़ा।

# दुनिया में छाया नॉर्वे टीम का 'वाइकिंग रो' सेलिब्रेशन

## छह महीने पहले पब में हुई थी शुरुआत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में नॉर्वे के फुटबॉल फैंस का 'वाइकिंग रो' (Viking Row) सेलिब्रेशन पूरी दुनिया में छा गया है। न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक टाइम्स स्क्वायर से लेकर बोस्टन की सड़कों और वर्ल्ड कप के स्टेडियमों तक, हर जगह नॉर्वे के फैंस एक साथ बैठकर नाव चलाने (रोइंग) की एक्टिंग करते और जश्न मनाते नजर आ रहे हैं।

यह अनोखा नजारा इस वर्ल्ड कप की सबसे खास पहचान बन गया है, बिल्कुल वैसे ही जैसे 2016 के यूरो कप में आइसलैंड का 'थंडर क्लैप' मशहूर हुआ था। इस जश्न का तरीका देखने और सुनने में बेहद रोमांचक है। इसकी शुरुआत में सबसे पहले नॉर्वे का एक पारंपरिक हॉर्न बजाया जाता है, जिसके बाद सभी फैंस जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी



'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। शुरुआत में बीट बहुत धीमी होती है, जो धीरे-धीरे तेज होती जाती है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं। मैदान में जब हजारों लोग एक साथ यह करते हैं, तो स्टेडियम का माहौल रोंगटे खड़े कर देने वाला हो जाता है।

आमतौर पर फुटबॉल के ऐसे चेंट्स अपने आप बन जाते हैं, लेकिन 'वाइकिंग रो' की कहानी अलग है।

# जोकोविच विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचे

## सितसिपास को 98 मिनट में सीधे सेटों में हराया डिफेंडिंग चैंपियन सिनर की भी अगले राउंड में एंट्री



नई दिल्ली। नोवाक जोकोविच ने विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। 39 साल के सर्बियाई स्टार ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को महज 98 मिनट में सीधे सेटों में हराया। जोकोविच ने इस मैच को 6-3, 6-4, 6-2 से अपने नाम किया।

लंदन के सेंटर कोर्ट पर डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने भी संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। उन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को हराया और टूर्नामेंट में लगातार 9वां मैच जीता। करीब 2 घंटे 32 मिनट चले मैच को सिनर ने 7-6 (7-4), 7-6 (7-2), 6-4 से जीता। टूर्नामेंट के डिफेंडिंग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर को पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वर्ल्ड रैंकिंग में 48वें नंबर पर काबिज बोर्गेस ने कई मौकों पर सिनर से बेहतर खेल दिखाया और दूसरे सेट में एक समय वे सेट पॉइंट तक पहुंच गए थे, लेकिन सिनर ने दबाव के क्षणों में अपना अनुभव दिखाया और वापसी की।



### बॉल किड के साथ प्रैंक और रोरी मैक्लरॉय को चैलेंज

मैच के दौरान जोकोविच काफी रिलैक्स मूड में दिखे। तीसरे सेट से पहले ब्रेक के दौरान उन्होंने अपनी टी-शर्ट से धागा काट रही एक बॉल किड के साथ मजाक किया, जैसे कि उसने उन्हें चोट पहुंचा दी हो। जोकोविच ने रॉयल बॉक्स में बैठे गोल्फर रोरी मैक्लरॉय को मजाकिया अंदाज में टेनिस मैच खेलने का चैलेंज भी दे दिया। जोकोविच ने कहा कि जो भी यह मैच जीतेगा, उसे वह 'मास्टर्स ग्रीन ब्लेजर' मिलेगा, जिसे पहनकर मैक्लरॉय मैच देखने आए थे।

### मैच के बाद जोकोविच बोले- उम्र सिर्फ एक नंबर है

जीत के बाद जोकोविच ने फैंस से बात करते हुए कहा, 'मुझे 'विंटेज' शब्द पसंद है, यह सुनना अच्छा लगता है क्योंकि यह पुराने बेहतरीन दिनों की याद दिलाता है। जब आप कोर्ट पर इस तरह का खेल दिखाते हैं, तो आपको बहुत खुशी और संतुष्टि मिलती है।' उन्होंने आगे कहा,'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जब मैं विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर खेलता हूं, तो इन पलों को हल्के में नहीं लेता। यह मेरे बचपन के सपनों का टूर्नामेंट था। 30 साल से ज्यादा की उम्र में भी इस कोर्ट पर कदम रखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे लगता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है और यह बात बिल्कुल सच है।'

# हैरी केन के डबल गोल से जीता इंग्लैंड फीफा वर्ल्ड कप में कांगो डीआर को 2-1 से हराया

## राउंड-16 में मैक्सिको से मुकाबला होगा

**अटलांटा, एजेंसी**

इंग्लैंड ने FIFA वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में कांगो डीआर को 2-1 से हरा दिया। अटलांटा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड पहले हाफ तक पीछे थी। दूसरे हाफ में इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने 2 गोल कर टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ इंग्लैंड राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है। जहां उसका मेक्सिको से मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार 6 जुलाई को मैक्सिको स्टेडियम में खेला जाएगा। पहली बार वर्ल्ड कप का नॉकआउट मैच खेल रही कांगो डीआर ने शुरुआत में ही गोल दागकर सबको चौंका दिया। मैच के 7वें मिनट में चांसल म्बेंबा के पास पर ब्रायन सिपेंगा ने लो-शॉट लगाया। गेंद इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छकाते हुए गोल पोस्ट में चली गई। यह ब्रायन का पहला इंटरनेशनल गोल था। इसके बाद कांगो की डिफेंस और गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार खेल दिखाया। म्पासी ने पहले हाफ में कई बेहतरीन सेव करके इंग्लैंड के अटैक को रोके रखा। हाफ टाइम तक कांगो 1-0 से आगे थी।

सेकंड हाफ के इंजरी टाइम में कांगो को बॉक्स के ठीक बाहर फ्री-किक मिली। योआन विसा ने बराबरी का आखिरी मौका संभालते हुए शॉट लिया। हालांकि गेंद क्रॉसबार के ऊपर से निकल गई और कांगो इस हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की यह जीत ऐतिहासिक रही। 1966 के वर्ल्ड कप फाइनल के बाद यह पहला मौका है, जब इंग्लैंड वर्ल्ड कप के किसी मैच में हाफ-टाइम तक पिछड़ने के बाद मैच जीता है।



### हैरी केन ने आखिरी 15 मिनट में खेल पलटा

मैच के 75वें मिनट में इंग्लैंड की ओर से बराबरी का गोल आया। यह गोल इंग्लैंड के स्टार फॉरवर्ड हैरी केन ने किया। एंथनी गॉर्डन के शानदार पास किया, जिसपर केन ने दमदार हेडर के जरिए गोल कर इंग्लैंड को 1-1 की बराबरी दिलाई। इसके ठीक 11 मिनट बाद यानी 86वें मिनट में केन ने गोल दागकर इंग्लैंड को 2-1 से बढ़त दिला दी। इस बार केन ने म्पासी को छकाते हुए गेंद को टॉप कॉर्नर में डाल दिया।

## मनोरंजन



हमें उम्मीद है कि यह लॉस एंजेलिस में क्रिकेट का नया घर बनेगा और आने वाली कई पीढ़ियों के फैंस और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। यह लॉस एंजेलिस के लिए है, दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के लिए है और पूरे नाइट राइडर्स परिवार के लिए है। पर्पल और गोल्ड में विश्वास रखें। इस दौरान शाह रुख ने आईसीसी के चैयरमैन जय शाह को धन्यवाद भी कहा है। - शाह रुख

### नाइट राइडर्स के नाम से विदेश में बनवा दिया क्रिकेट स्टेडियम, करोड़ों में है कीमत!

# सच हुआ शाहरुख खान का सपना

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार शाह रुख खान का क्रिकेट से लगाव किसी से छुपा नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की मालिक शाह रुख ने अब ग्लोबल स्तर पर एक ऐसा कारनाम कर दिया है, जो शायद कोई भी क्रिकेट फ्रेंचाइजी का मालिक नहीं कर सकता। शाह रुख खान ने नाइट राइडर्स के नाम से अमेरिका के शहर लॉस एंजेलिस में क्रिकेट ग्राउंड तैयार कराया है। इस स्टेडियम के बनवाए जाने को लेकर शाह रुख ने सोशल मीडिया पर अपडेट साझा किया है। यह सिर्फ खेल के लिए नहीं, बल्कि एंटरटेनमेंट, परिवारों और ऐसी यादों के लिए बनाई गई जगह है, जो हमेशा लोगों के साथ रहेंगी

### शाह रुख ने बनवाया क्रिकेट स्टेडियम

क्रिकेट की दुनिया में नाइट राइडर्स ग्रुप ने एक नया इतिहास रच दिया है। यह दुनिया का पहला ग्लोबल क्रिकेट ब्रांड बन गया है, जिसने अपना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाया है। इस मामले को लेकर शाह रुख खान ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा है- जो कभी एक सपना था, वह आज हकीकत बन गया है। दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट को लॉस एंजेलिस तक लाना हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पल है। फेयरप्लेक्स और नाइट राइडर्स के बीच यह लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप सिर्फ एक क्रिकेट स्टेडियम बनाने तक सीमित नहीं है। हम एक ऐसी जगह बना रहे हैं, जो कम्युनिटी, एकजुटता, जोश और एंटरटेनमेंट का जश्न मनाएगी।



### नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी का समूह

मालूम हो कि शाह रुख नाइट राइडर्स आज इंटरनेशनल क्रिकेट का एक ग्लोबल ब्रांड बन चुका है, जिसके नाम कुल 9 खिताब हैं। इस ग्रुप के तहत चार प्रोफेशनल फ्रेंचाइजियां हैं कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) जो TATA IPL में खेलती है, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (TKR) जो कैरेबियन प्रीमियर लीग का हिस्सा है।

अबू धाबी नाइट राइडर्स (ADKR) जो UAE की इंटरनेशनल लीग T20 में खेलती है और लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स (LAKR) जो अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में हिस्सा लेती है। इसी वजह से नाइट राइडर्स को दुनिया के सबसे बहुमुखी T20 क्रिकेट ब्रांड्स में गिना जाता है।

### तीन महीने बाद ओटीटी पर आ रही ब्लॉकबस्टर फिल्म


नई दिल्ली। तीन महीने पहले दुनियाभर के सिनेमाघरों में तबाही मचाने वाली टॉप रेटेड फिल्म आखिरकार अब ऑनलाइन स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। इस फिल्म को इंडिया में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा रहा है।

यह फिल्म जब रिलीज हुई थी, तब इसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई से सुनामी ला दी थी। यह 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। इस फिल्म ने खर्च से तीन गुना ज्यादा कमाई की थी। इस फिल्म को भारत समेत दुनियाभर में सराहा गया और रेटिंग भी तगड़ी मिली। यह फिल्म है प्रोजेक्ट हेल मेरी (Project Hail Mary)। रयान गोसलिंग स्टारर साई-फाई थ्रिलर 20 मार्च को विदेशी सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन भारत में यह फिल्म 6 दिन लेट आई थी।

### एक्ट्रेस बोलीं- लगी हुई नजर तरक्की में बदले, रणदीप हुड्डा ने मुंह छिपाकर मेट्रो में सफर किया

# अश्नूर कौर के लग्जरी घर में घुसा बारिश का पानी





नई दिल्ली। बिग बॉस 19 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस अश्नूर कौर के लग्जरी घर में मुंबई की बारिश का बुरा असर पड़ा है। एक्ट्रेस ने हाल ही में वीडियो जारी कर बताया है कि उनके घर के सामान का काफी नुकसान हुआ है। मुंबई की बारिश का असर सेलेब्स पर भी पड़ रहा है। एक्टर रणदीप हुड्डा ने ट्रैफिक से बचने के लिए मुंह छिपाकर मेट्रो में ट्रेवल किया है। वहीं तमन्ना भाटिया बारिश के मजे उठाती दिखी हैं। अश्नूर कौर ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनके परिवार के लगभग सभी सदस्य और हाउसहेल्प मिलकर घर से पानी निकालने की जद्दोजहद कर रहे हैं। इस वीडियो के साथ अश्नूर ने लिखा है, "मुझे एक इवेंट के लिए निकलना था, और तभी घर पर ये हो गया। मेरे ऊपर लगी हर नजर खुशियों, सफलता और तरक्की में बदल जाए।"

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वो घर की बालकनी में बारिश में भीगती दिखीं। एक्ट्रेस थोड़ी देर में ही कंपकंपाने लगीं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा- मुंबई में शिवरिंग सिर्फ ऐसे ही हो सकती है। वीडियो के साथ कैप्शन में तमन्ना लिखती हैं, मुझे अभी भी ठंड लग रही है।

### एक्टर रणदीप हुड्डा ने मेट्रो में किया सफर

मुंबई मेट्रो से रणदीप हुड्डा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो मास्क से चेहरा छिपाए हुए मेट्रो में सफर करते दिखे हैं। उनके साथ टीम के कुछ सदस्य भी शामिल थे। मास्क की वजह से एक्टर आम लोगों की तरह दिख रहे थे। आसपास के लोग भी उन्हें पहचान नहीं सके।

> बता दें कि हर साल की तरह इस साल भी मानसून की शुरुआत में ही मुंबई की कई सड़कों पर पानी भर चुका है। कई जगह ट्रैफिक व्यवस्ता पर असर पड़ा है। वहीं नवी मुंबई में सड़क में भरे पानी में करंट तक फैल गया है।



# फिल्ममेकर की बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे पवन कल्याण

## फोटोग्राफर्स को टोका, मंच पर भीड़ लगने से परेशान दिखे गेस्ट



नई दिल्ली। एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण बुधवार को साउथ फिल्ममेकर मेहर रमेश की बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे थे। पवन को देखते ही फैंस की भीड़ लग गई, जिस समय उनकी सिक्योरिटी टीम को भी एक्टर की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करते देखा गया। जैसे ही पवन मंच पर आए, भारी भीड़ जमा होने से रिसेप्शन में पहुंचे गेस्ट के साथ ही धक्का-मुक्की हो गई, जिससे कुछ मेहमान परेशान दिखे। पवन के अलावा साउथ इंडस्ट्री के कई और लोग भी इस शादी में पहुंचे हैं।

पवन कल्याण पत्नी पूर्व रशियन मॉडल पत्नी अन्ना लेझनेवा के साथ रिसेप्शन में पहुंचे। उनकी एंट्री के साथ ही वहां मौजूद सभी कैमरामैन उनकी तस्वीरें क्लिक करने आगे बढ़े। इस दौरान पवन कल्याण ने इशारा करते हुए तस्वीरें न लेने के लिए टोका। इसके बाद वो मंच पर पहुंचे, जहां भारी भीड़ जमा हो गई।

मंच पर पवन और उनकी पत्नी ने फिल्ममेकर की बेटी को तोहफे दिए। पवन कल्याण को मंच से उतरता देख कई लोग तस्वीर क्लिक करवाने और करने के लिए उतावले हो गए, जिस समय मंच पर मौजूद मेहमान ही धक्का-मुक्की का शिकार हो गए।

## ईरान ने विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया

# महबूबा खामेनेई के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल

**निमंत्रण**

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती 3 से 6 जुलाई के बीच तेहरान में होने वाले ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होंगी। उन्हें ईरान ने भारत की विशेष अतिथि के तौर पर आधिकारिक निमंत्रण भेजा है।

महबूबा ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। जिंदगी में एक बार मिलने वाला ऐसा अवसर है। मैं खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि देने तेहरान जाऊंगी। ईरान भाजपा,



कांग्रेस और पीडीपी के नेताओं के अलावा जैन संत आचार्य लोकेश मुनि को भी न्योता भेज चुका है। भारत सरकार की ओर से विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। ईरान का अनुमान है कि अंतिम यात्रा में 1.5 से 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं, जो देश के इतिहास का सबसे बड़ा राजकीय अंतिम संस्कार होगा। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने देशवासियों से पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों की मौजूदगी इस्लामिक ईरान के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। गालिबाफ ने कहा, पूरी दुनिया तक बदले की आवाज पहुंचनी चाहिए। उन्होंने लोगों से शनिवार से शुरू होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा। अमेरिका ने कई महीनों की रोक के बाद इराक को अमेरिकी डॉलर की नकद खेप भेजना फिर शुरू कर दिया है।

### ईरान बोला- होर्मुज अमेरिका का खेल का मैदान नहीं

ईरान की सेना के खातम अल-अंबिया सेंट्रल मुख्यालय ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अमेरिका का खेल का मैदान नहीं, बल्कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की संप्रभुता वाला क्षेत्र है।

सेना ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने इस जलमार्ग में किसी तरह का हस्तक्षेप किया, तो उसे तेज और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

## बोली- मेरे लिए यह सम्मान की बात

### खामेनेई के विदाई समारोह की अंतिम तैयारियां पूरी

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के विदाई समारोह से पहले तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी परिसर में देश-विदेश से आने वाले लोगों और प्रतिनिधिमंडलों की मौजूदगी में खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### खामेनेई के परिवार के 5 ताबूत एक साथ रखे गए

ईरान में पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से पहले उनके परिवार के पांच सदस्यों के ताबूत एक साथ रखे गए। इनमें खामेनेई, उनकी बेटी, बहू, पोते और दामाद के ताबूत शामिल हैं। इन सभी का अंतिम संस्कार खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। ईरान में अंतिम संस्कार की रस्में कई दिनों तक चलेंगी, जिनमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों और प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की उम्मीद है।



**66 एमओयू पर हस्ताक्षर के दो हफ्ते बाद भी फ्रीज फंड जारी होने, तेल निर्यात में राहत, होर्मुज में सामान्य आवाजाही, लेबनान में युद्धविराम और परमाणु मुद्दे जैसे अहम मामलों पर दोनों देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी है।**

## रेलवे टिकट बुकिंग सिस्टम 5 गुना तेज होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे अपने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को पूरी तरह से अपग्रेड कर रहा है। इस बड़े बदलाव के बाद रेलवे का नया बुकिंग सिस्टम हर मिनट 1.25 लाख टिकट बुक कर सकेगा। यह मौजूदा क्षमता से पूरे 5 गुना ज्यादा है। अभी रेलवे का सिस्टम एक मिनट में सिर्फ 25 हजार टिकट ही प्रोसेस कर पाता है, जिससे तत्काल बुकिंग या भारी लोड के समय यात्री परेशान होते हैं। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (CRIS) ने बुधवार को अपने 41वें स्थापना दिवस पर यह जानकारी दी।

CRIS के मुताबिक, टिकट बुकिंग क्षमता में 5 गुना बढ़ोतरी से सिस्टम की परफॉर्मेंस में बड़ा सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे यात्रियों की रिजर्वेशन की बढ़ती मांग को तेजी से पूरा कर सकेगा। आम यात्रियों को अब तत्काल टिकट बुक करते समय एप या वेबसाइट के



बार-बार हैंग होने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल लॉन्च हुए रेलवे के सुपर एप 'रेलवन' को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इसका आसान डिजाइन यात्रियों को बेहतर अनुभव देता है। अब तक इसे 4.35 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है और इस एप से हर दिन औसतन 10 लाख ट्रांजैक्शन हो रहे हैं। रेलवे अब कामकाज को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। इसके आने से ट्रेनों के मेंटेनेंस का काम खराबी आने से पहले ही हो जाएगा, जिससे हादसे रुकेंगे और सुरक्षा मजबूत होगी।

## कहा- जापान की पहली महिला पीएम का स्वागत, भारत में खाद के 1000 प्लांट लगेंगे

# मोदी ने ताकाइची को छोटी बहन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के साथ संयुक्त प्रेस बयान में उन्हें अपनी 'छोटी बहन' बताया। उन्होंने कहा कि ताकाइची की यह भारत की पहली यात्रा है और जापान की पहली महिला



प्रधानमंत्री का स्वागत करना खुशी की बात है। मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा का संयुक्त रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड मैटेरियल्स और सप्लाई चेन को मजबूत किया जाएगा। इंडिया-जापान बायोगैस इनिशिएटिव के तहत देश में 1000 बायोगैस और ऑर्गेनिक खाद प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे गोबरधन योजना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और जापान ने तेल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए ऊर्जा सुरक्षा पर नई पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश बैटरी, ग्रीन हाइड्रोजन और न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि भारत और जापान आर्थिक सुरक्षा को साझा सुरक्षा और ऊर्जा परिवर्तन को साझा अवसर मानते हैं।

इसी दिशा में दोनों देशों ने इंडिया-जापान नेक्स्ट-जनरेशन मोबिलिटी पार्टनरशिप फ्रेमवर्क भी लॉन्च किया है।

## थाईलैंड में 11 साल के बच्चे ने तीर्थयात्रियों पर चढ़ाया पिकअप ट्रक



बैंकॉक, एजेंसी

पूर्वोत्तर थाईलैंड में गुरुवार को एक 11 वर्षीय लड़के ने तीर्थयात्रा पर निकले भिक्षुओं के एक समूह पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 8 भिक्षुओं की मौत हो गई।

समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, मुकदाहान के गवर्नर वोरयान बुन्नारत ने बताया कि पांच भिक्षुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा 14 अन्य घायल भिक्षुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी 11 वर्षीय लड़का अब उनकी हिरासत में है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के सटीक कारणों की अभी जांच की जा रही है। हालांकि, हादसे में सुरक्षित बचे भिक्षुओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने देखा था कि वाहन ने अपना संतुलन खो दिया था, जिसके बाद वह सड़क से फिसलकर सीधे उनके समूह से आ टकराया। राजधानी बैंकॉक से लगभग 600 किलोमीटर पूर्वोत्तर में स्थित मुकदाहान प्रांत के कुल 35 बौद्ध भिक्षु इस तीर्थयात्रा पर निकले हुए थे, जब यह दुखद घटना घटी।

## पाकिस्तान में दो बड़े हादसे, नाव पलटने से 7 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैफुल्ला झील में एक टूरिस्ट बोट के पलटने से सात लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता हो गया। जिला पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि बुधवार को स्वात जिले के खूबसूरत कलाम इलाके में यह नाव पलट गई, जिसमें एक ही परिवार के आठ सदस्य घूमने गए थे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सात पीड़ितों के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि बचाव दल, पुलिस अधिकारी और स्थानीय स्वयंसेवक लापता व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं।

इससे पहले मंगलवार को अधिकारियों के हवाले से स्थानीय मीडिया ने बताया कि लाहौर के काहना इलाके में एक प्राइवेट ट्यूशन एकेडमी की छत गिरने से कम से कम 14 बच्चों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।






## ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' में भरी पहली उड़ान

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक नए 'एयरफोर्स वन' विमान से अपनी पहली उड़ान भरी। यह नया विमान दरअसल कतर द्वारा तोहफे में दिया गया एक बोइंग 747-800 जेट है, जिसकी कीमत करीब लगभग 3300 करोड़ रुपये है। बता दें कि बुधवार को इस विमान ने अपनी पहली आधिकारिक उड़ान नॉर्थ डकोटा के लिए भरी, जहां ट्रंप थिओडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी देखने पहुंचे थे। इस नए विमान में अब 'एयरफोर्स वन' की पहचान बन चुका पुराना हल्का नीला रंग नजर नहीं आएगा, जो आसमान में विमान को छिपाने में मदद करता था। ट्रंप की पसंद के मुताबिक, इस नए विमान के निचले हिस्से को नेवी-ब्लू रंग से रंगा गया है, जिस पर लाल और सुनहरी धारियां बनी हैं।

## वॉट्सएप पर 'यूजरनेम की' के बिना मैसेज नहीं होंगे

### सरकार के नोटिस के बाद कंपनी ने जारी की गाइडलाइन




नई दिल्ली, एजेंसी

वॉट्सएप ने अपने आने वाले 'यूजरनेम' फीचर को लेकर एक डिटेल्ड FAQs यानी अक्सर पूछे जाने वाले सवालों की गाइडलाइन जारी की है। केंद्र सरकार ने हाल ही में वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा को नोटिस जारी कर इस फीचर से होने वाले संभावित फ्रॉड के खतरों पर चिंता जताई थी।

सरकार ने चेतावनी दी थी कि जब तक इस मुद्दे पर पूरी संतुष्टि नहीं हो जाती, तब तक इसे रोलआउट न किया जाए। इसके बाद वॉट्सएप ने स्पष्ट किया है कि वह सुरक्षा के क्या-क्या कदम उठा रहा है। कंपनी ने 29 जून से दुनियाभर में यूजरनेम का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। हालांकि, यह सुविधा सभी यूजर्स को एक साथ नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ महीनों में इसे धीरे-धीरे सभी देशों में रोल आउट किया जाएगा। जब यह फीचर यूजर के इलाके में उपलब्ध होगा, तब उसके वॉट्सएप के अंदर नोटिफिकेशन मिलेगा।

# चांदी 3,863 चढ़कर 2.25 लाख किलो हुई

## सोना 1,708 बढ़कर 1.43 लाख का हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 2 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 1,708 रुपए बढ़कर 1.43 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, 1 किलो चांदी 3,863 रुपए चढ़कर 2.25 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इससे पहले बीते महीने यानी जून में सोना-चांदी में गिरावट रही थी। बीते महीने सोना 13 हजार और चांदी 34 हजार रुपए सस्ती हुई थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10 हजार रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी हजार रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो



**एक महीने में सोना 13 हजार, चांदी 34 हजार सस्ती**

अब 1.43 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.29 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

**तमसा संकेत**

tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**

**R.N.I. NO. 64107/96**